संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-112 गुरूवार, 22 फरवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## इंकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस के खाते से रिकवर किए 65 करोड़



**नई दिल्ली,21 फरवरी 2024(ए)।** देश की राजधानी दिल्ली से बड़ी खबर सामने आई है। ये खबर कांग्रेस पार्टी से जुड़ी है। सूत्रों के अनुसार इंकम टैक्स विभाग ने कल इंडियन नेशनल कांग्रेस के खाते में से 115 करोड़ रुपए के टैक्स बकाया में से 65 करोड़ रुपए बरामद कर लिए हैं। कांग्रेस ने इस वसूली के खिलाफ इंकम टैक्स अपीली ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) को अप्रोच करके शिकायत दर्ज करवाई है।शिकायत में कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग ने बैंच के सामने होने वाली सुनवाई के परिणाम का इंतजार किए बिना बैंकों में पड़े बकाए को नकद करके अपनी नीति लागू की है।

# प्रियंका गांधी ने सपा प्रमुख पर चलाया जादू

## प्रियंका गांधी ने ऐसा क्या किया कि सपा-कांग्रेस में बन गई बिगड़ी बात ?

**नई दिल्ली,21 फरवरी 2024(ए)।** समाजवादी पार्टी आखिरकार यूपी में कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर राजी हो गई है। अब यह तय हो गया है कि दोनों ही पार्टियां लोकसभा चुनाव इंडिया ब्लॉक में ही रहकर लड़ेंगी। एक दिन पहले तक जो गठबंधन टूटता नजर आ रहा था, उसके बारे में जानकारी है कि वह कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की दखल की वजह से बच गया है।

पहले सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने दोनों दलों के बीच डील हो जाने को लेकर सकारात्मक संकेत दिया था। कुछ घंटे के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी।

### यूपी में 17 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

कांग्रेस प्रभारी उन्होंने कहा, मुझे आपको यह




बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि यह फैसला हुआ है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ेगी और बाकी 63 सीटों पर समाजवादी पार्टी समेत इंडिया ब्लॉक के अन्य उम्मीदवार उतरेंगे। हालांकि, उन्होंने सीटों के बंटवारे की विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

### अखिलेश ने यात्रा में शामिल होने के लिए रख दी थी शर्त

इससे पहले दोनों पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर तल्खी इतनी बढ़ गई थी कि अखिलेश यादव ने यहां तक कह दिया था कि बिना यह मुद्दा हल हुए, वे राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल नहीं होंगे। वे न तो अमेठी में और न ही रायबरेली में इस यात्रा में शामिल हुए।

### अंत भला तो सब भला... अखिलेश यादव

लेकिन, बुधवार को अखिलेश के चेहरे में मुस्कुराहट थी और उन्होंने मुरादाबाद में मीडिया वालों से कहा कि अंत भला तो सब भला...। हालांकि, कांग्रेस नेता ने कभी भी सीट बंटवारे को लेकर उम्मीद नहीं छोड़ी थी और उन्हें लग रहा था कि वह आखिरकार सपा सुप्रीमो को मनाने में सफल हो ही जाएंगे।

### प्रियंका गांधी के फोन कॉल ने बनाई बात

सूत्रों का कहना है कि बुधवार सुबह में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अखिलेश यादव से फोन पर दोनों दलों के बीच गतिरोध खत्म करने के लिए बात की थी। जानकारी के अनुसार 17 सीटों पर लड़ने के लिए कांग्रेस पहले भी राजी थी, लेकिन कुछ सीटों को लेकर वह अड़ी हुई थी। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस को लगता था कि सपा ने जिन सीटों का ऑफर दिया है, उनमें से कुछ पर वह नहीं जीत पाएगी, इसलिए वह जीतने लायक सीट लेने का दबाव बना रही थी। इसी वजह से देरी हो रही थी और सपा ने वाराणसी समेत कम से कम 35 सीटों पर उम्मीदवारों की भी घोषणा कर दी थी।

### इन सीटों पर लड़ सकती है कांग्रेस

लेकिन, अखिलेश और प्रियंका के बीच हुई बातचीत के बाद अब माना जा रहा है कि कांग्रेस को वाराणसी समेत सीतापुर,बाराबंकी,कानपुर,सहारनपुर,अमरोहा,फतेहपुर सीकरी,श्रावस्ती और झांसी की भी सीटें मिलेंगी।

### मुरादाबाद सीट पर फंसी थी बात

सूत्रों का कहना है कि अखिलेश ने तब नरम रुख दिखाया, जब कांग्रेस ने मुरादाबाद सीट की जिद छोड़ दी। 2019 में मुरादाबाद सीट पर समाजवादी पार्टी की जीत हुई थी, इसलिए अखिलेश उसे छोड़ने के लिए राजी नहीं थे और बात यहीं बिगड़ने लगी थी।

# मेडिकल माफियाओं के बड़े गैंग का भांडाफोड़

» आईसीयू में पड़ी रेड
» शव का ट्रीटमेंट कर रहे थे निजी हॉस्पिटल के डॉक्टर




**गोरखपुर,21 फरवरी 2024(ए) ।** गोरखपुर में मेडिकल माफियाओं के बड़े गैंग पर शिकंजा कसा गया है। मामले में एक प्राइवेट अस्पताल के चिकित्सक, संचालक समेत कुल 8 लोगों को अरेस्ट किया गया है। ये सभी सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को झांसे में लेकर प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर उनसे मोटी रकम ऐंठते थे। हैरत की बात ये है कि इस अस्पताल में देर रात पड़े छापे के दौरान आईसीयू में लाश का भी इलाज किया जा रहा था। इसकी एवज में तीमारदारों से रुपये ऐंठे जा रहे थे। मामले में मृतक मरीज शिव बालक प्रसाद के बेटे ने दोषियों पर सख्त एक्शन की मांग की है। उसने कहा कि हमें लगा कि पिता जी जिंदा हैं, लेकिन डॉक्टर उनके मरने के बाद भी इलाज का ढोंग करते रहे। गोरखपुर के डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर और एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई की मौजूदगी में 8 आरोपियों- ईशू अस्पताल के संचालक, चिकित्सक, प्रबंधक, एंबुलेस चालक और अन्य आरोपियों को पुलिस लाइंस सभागार में पेश किया गया. इस दौरान एसएसपी ने बताया कि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में 8 मेडिकल माफियाओं को अरेस्ट किया गया है। ये लोग बीआरडी मेडिकल कॉलेज में आने वाले आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और बिहार के परेशानहाल मरीज और तीमारदारों को चिकित्सक और मेडिकल स्टॉफ बनकर झांसे में लेते फिर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करवाने के नाम पर पैसे ऐंठते। एसएसपी ने बताया कि इसकी जानकारी मिलने के बाद रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के पैडलेगंज-रुस्तमपुर रोड स्थित ईशू हॉस्पिटल पर जिला प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ज्वाइंट छापेमारी की। इसमें वहां आईसीयू में एक ऐसे मरीज को भी पाया गया, जिसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। वहां पर उसे इलाज के नाम पर मोटी रकम ऐंठने के लिए भर्ती किया गया था। बकौल एसएसपी-जांच के दौरान अस्पताल में तीन मरीज भर्ती पाए गए। अस्पताल में कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं मिले. वहां पर मात्र पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित था, जिनकी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा इन फॉर्मेसी है।. पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा बताया गया कि ये अस्पताल रेनू पत्नी नितिन यादव द्वारा संचालित किया जाता है। अस्पताल डा. रणंजय प्रताप सिंह के नाम से पंजीकृत है।

भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने जानकारी दी कि ये तीनों मरीज पहले बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के लिए ले गए थे। जहां पर आरोपियों ने मेडिकल कॉलेज में मरीजों की उचित स्वास्थ्य सुविधाओं के नहीं होने की बात कहकर उन्हें विश्वास में ले लिया और फिर सबही को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करा दिया।. इन मरीजों को ईशू हॉस्पिटल (रुस्तमपुर) में अच्छी व्यवस्था का झांसा देकर निजी एम्बुलेंस से लाकर यहां भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के नाम पर तीमारदारों से लाखों रुपए जमा करा लिए गए। लेकिन फिर भी कोई डॉक्टर मरीज को ढंग से अटेंड नहीं करने आता था।. जिसपर मरीज शिव बालक प्रसाद की हालत बिगड़ती जा रही थी। परिजन बार-बार डॉक्टर को बुलाने की बात कहते रहे। हॉस्पिटल संचालक, रेनू और उसके पति नितिन और नितिन के भाई अमन खुद ही मरीज को देख रहे थे। आखिर में डॉक्टर और चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीज की मृत्यु हो गई।. इसके बाद भी निजी अस्पताल के संचालक नितिन और अमन द्वारा मृतक के मुंह में ऑक्सीजन मास्क लगाकर इलाज का नाटक किया जा रहा था। दवा और इंजेक्शन के नाम पर धोखे से रुपए ऐंठे जा रहे थे।

# पुलिस की गोली से एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत

### खनौरी सीमा पर उग्र हुए प्रदर्शनकारी किसान



**दिल्ली,21 फरवरी 2024(ए)।** अपनी मांगों को लेकर सरकार से भिड़ने को तैयार किसान शंभू और खनौरी सीमा पर ट्रैक्टर इक्ट्ठा कर रहे थे। किसानों की दिल्ली कूच की प्लानिंग थी। हालांकि पुलिस ने दोनों सीमाओं पर किसानों को रोककर रखा। इस बीच खबर है कि हरियाणा पुलिस ने पंजाब और हरियाणा को जोड़ने वाली खनौरी सीमा पर उग्र प्रदर्शन कर रहे किसानों पर रबर की गोलियां चलाई और आंसू गैस के गोले छोड़े। इस घटना में एक 20 वर्षीय प्रदर्शनकारी की मौत हो गई है, जबकि 25 अन्य घायल हो गए। घायल किसानों में से दस को अस्पताल ले जाया गया, जबकि अन्य को शंभू के अस्थायी चिकित्सा शिविर में प्राथमिक उपचार दिया गया। घायल किसानों में से तीन को राजिंदरा अस्पताल, पटियाला रेफर कर दिया गया। संगरूर के सिविल सर्जन डॉ कृपाल सिंह ने कहा कि 26 वर्षीय युवक के सिर में चोट लगी है और उसे राजिंदरा अस्पताल रेफर किया गया है। ऐसी जानकारी है कि प्रदर्शनकारी किसान की मौत की सूचना के बाद फिलहाल पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागने बंद कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को पंजाब और हरियाणा सीमा को जोड़ने वाली खनौरी सीमा पर कुछ किसान बड़ी संख्या में बैरिकेड्स की ओर बढ़ रहे थे। किसान बेरिकेड्स तोड़कर दिल्ली जाने पर अड़े थे। किसानों के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर तैनात हरियाणा पुलिस कर्मियों को मोर्चा संभालना पड़ा और किसानों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े। पुलिस टीम ने किसानों को खदेड़ने के लिए रबर की गोलियों का भी इस्तेमाल किया। इस घटना में 20 साल के एक किसान की मौत हो गई और 25 प्रदर्शनकारी घायल हो गए। जिनका इलाज किया जा रहा है। खनौरी सीमा में पुलिस से मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल दो किसानों से मिलने के लिए किसान नेता राजिंदरा अस्पताल भी पहुंचे।

# शादी को आधार मानकर महिलाओं को नौकरी से नहीं निकाला जा सकता


**दिल्ली,21 फरवरी 2024 (ए)।** महिलाओं के अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने आज ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि शादी के आधार पर महिलाओं को नौकरी से नहीं निकाला जा सकता। महिला कर्मियों को शादी के अधिकार से वंचित करने का आधार बनाने वाले नियम असंवैधानिक हैं। जो मानवीय गरिमा को कमजोर करते हैं। कोर्ट ने केंद्र को शादी के आधार पर सेवा से बर्खास्त की गई सैन्य नर्सिंग अधिकारी को 60 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश भी दिया। बता दें कि याचिकाकर्ता सेलिना जॉन 26 साल से यह लड़ाई लड़ रही थी।



याचिकाकर्ता सैन्य नर्सिंग सेवाओं के लिए चुनी गई थी।और वह दिल्ली के आर्मी अस्पताल में प्रशिक्षु के रूप में शामिल हुई थी। उन्हें एनएमएस में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन दिया गया था। उसने एक सेना अधिकारी मेजर विनोद राघवन के साथ विवाह कर लिया, जिसके बाद लेफ्टिनेंट के पद पर सेवा करते समय उन्हें सेना से रिलीज कर दिया गया। संबंधित आदेश ने बिना कोई कारण बताओ नोटिस या सुनवाई का या मामले का बचाव करने का अवसर दिए बिना उनकी नौकरी को खत्म कर दिया।

मामला सशस्त्र बल ट्रिब्यूनल, लखनऊ में पहुंचा तो आदेश को रद्द कर दिया था और सभी परिणामी लाभ और बकाया वेतन भी प्रदान कर दिया था। इसके साथ ही ट्रिब्यूनल ने उसकी सेवा बहाली की भी इजाजत दे दी। जिसके बाद केंद्र ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया. शुरुआत में अदालत ने कहा कि ये नियम केवल महिलाओं पर लागू होते हैं और इन्हें 'स्पष्ट रूप से मनमाना' माना जाता है।

# बेटे की परीक्षा को देखते जेल में बंद कैदी ने मांगी पैरोल



### जज ने दी अनुमति

**दिल्ली,21 फरवरी 2024(ए)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उम्रकैद की सजा काट रहे हत्या के दोषी विजय दहिया को बोर्ड परीक्षाओं में अपने बेटे के साथ जाने के लिए एक महीने की पैरोल दे दी है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने बच्चे की शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और माता-पिता की जिम्मेदारियों के प्रति दहिया की प्रतिबद्धता को मान्यता दी। न्यायाधीश ने अपने बच्चों और उनकी शैक्षणिक गतिविधियों के प्रति माता-पिता की अंतर्निहित जिम्मेदारी के साथ राज्य के हितों को संतुलित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

अंतरिम जमानत या फर्लो का दुरुपयोग न करने के दहिया के पिछले रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए अदालत ने उसे निर्दिष्ट अवधि के लिए पैरोल देना उचित समझा। न्यायाधीश ने कहा, ...यह अदालत याचिकाकर्ता को उसकी रिहाई की तारीख से एक महीने की अवधि के लिए पैरोल देने की इच्छुक है। दहिया, जो 2018 में एक हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में बंद हैं, ने अपनी सजा के खिलाफ अपील की थी, जिसे पिछले साल उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। पिछले न्यायिक आदेशों में अधिकारियों को उनके पैरोल आवेदन पर विचार करने का निर्देश देने के बावजूद दहिया की याचिका पर फैसला नहीं किया गया था।


## यूजीसी ने यूनिवर्सिटी-कॉलेजों को नए निर्देश किया जारी

# यूनिवर्सिटीज और कॉलेजों में पढ़ाया जाएगा नया कानून

**नई दिल्ली,21 फरवरी 2024(ए)।** हाल ही में यूजीसी ने यूनिवर्सिटी-कॉलेजों को नए निर्देश जारी किए है। नए कानूनों के बारे में प्रचार करने के निर्देश जारी किए गए है। जिसके तहत छात्रों और शिक्षकों को नए क्रिमिनल कानूनों की जानकारी देने की बात कही गई है। यूजीसी ने कहा कि आईपीसी की जगह लाए गए नए अपराधिक कानूनों के बारे में जागरुक किया जाए।

यूजीसी का कहना है कि इन नए कानून और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से पीड़ित को जल्द न्याय मिलेगा। इन कानूनों से संबंधित सभी जानकारियां छात्रों को दी जाए। इन कानूनों का प्रचार किया जाए और जो कुछ भी इन कानूनों को लेकर गलतफहमियां हैं, उन्हें भी दूर किया जाए।

इस मामले में यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने यूनिवर्सिटी और कॉलेजों को लिखे पत्र में कहा है कि प्रचार सामग्री के माध्यम से प्रदर्शनी अभियान चलाएं। सेमिनार आयोजित किए जाएं, जिनमें जस्टिस, वकील, रिटायर्ड जज और संस्थान के संबंधित फैकल्टी सदस्यों को शामिल किया जाए।



भारतीय न्याय संहिता बिल 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बिल 2023, भारतीय साक्ष्य बिल 2023 बिलों को संसद से मंजूरी मिल चुकी है।

ये तीनों विधेयक भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता 1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर लाए गए हैं। भारत के आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत होगी। जल्द से जल्द न्याय देने के लिए ये विधेयक लाए गए हैं। कानूनों को सरल बनाया गया है, तकनीक का प्रयोग बढ़ाया गया है।

# केंद्र किसानों के साथ सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार

**चंडीगढ़,21 फरवरी 2024 (ए)।** हरियाणा की सीमाओं पर राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च करने के लिए तैयार किसानों की भारी भीड़ के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि केंद्र सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने एक्स पर लिखा, चौथे दौर के बाद सरकार पांचवें दौर में एमएसपी की गारंटी की मांग, फसल विविधीकरण, पराली मुद्दा, एफआईआर जैसे सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है।

मैं किसान नेताओं को फिर से चर्चा के लिए आमंत्रित करता हूं। हमारे लिए शांति बनाए रखना महत्वपूर्ण है।



किसान संघ के नेताओं ने सोमवार को सरकारी एजेंसियों द्वारा पांच साल के लिए एमएसपी पर दालें, मक्का और कपास खरीदने के केंद्र के प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह किसानों के हित में नहीं है।

# न्याय यात्रा के बीच इग्लैंड जाकर कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली,21 फरवरी 2024 (ए)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' से कुछ दिनों का विराम लेकर इस महीने के आखिर में ब्रिटेन के प्रतिष्ठित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे और फिर पार्टी से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बैठकों में भी हिस्सा लेंगे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को यह जानकारी दी।

रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत जोड़ो न्याय यात्रा का 39वां दिन आज दोपहर दो बजे कानपुर में समाप्त होगा। 22 और 23 फ़रवरी को यात्रा में विराम होगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 24 फ़रवरी की सुबह मुरादाबाद से फ़िर शुरू होगी। उसके बाद संभल, अलीगढ़, हाथरस, और आगरा ज़िलों से गुजरते हुए यात्रा राजस्थान के धौलपुर में रुकेगी।



रमेश ने कहा, ''26 फ़रवरी से एक मार्च तक विराम होगा ताकि राहुल गांधी 27 और 28 फरवरी को इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय (जहां से वह पढ़े हैं) में दो विशेष व्याख्यान देने के अपने एक साल पहले के वादे को पूरा कर सकें और उन्हें नयी दिल्ली में होने वाली अन्य महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होने का मौका मिल सके। उनके मुताबिक, ''दो मार्च को दोपहर 2 बजे धौलपुर से एक बार फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होगी। इसके बाद यह मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, शाजापुर, और उज्जैन- सहित मध्यप्रदेश के अन्य ज़िलों से गुजरेगी। रमेश ने कहा कि पांच मार्च को दोपहर 2 बजे राहुल गांधी उज्जैन के पवित्र श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट के प्रख्यात न्यायविद फली एस नरीमन का निधन



**नई दिल्ली,21 फरवरी 2024(ए)।** कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का आज 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह हृदय संबंधी परेशानियों सहित कई बीमारियों से जूझ रहे थे। अपने लंबे और शानदार करियर में नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों की पैरवी की जिसमें राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का चर्चित मामला भी शामिल है। उन्होंने 70 से ज़्यादा समय के लिए एक वकील के तौर पर अपनी सेवाएं दी हैं। नवंबर 1950 में फली एस नरीमन बॉम्बे हाईकोर्ट में वकील के तौर पर रजिस्टर हुए। उन्हें 1961 में वरिष्ठ वकील का दर्जा मिला। उन्हें मई 1972 में भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया था।नरीमन को जनवरी 1991 को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वरिष्ठ वकील के साथ वे 1991 से 2010 तक बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी रहे।

## संपादकीय

### ममता सरकार पर दाग

संदेशखली कांड में तृणमूल सरकार के आचरण को उचित नहीं ठहराया जा सकता। उसे ऐसे गंभीर आरोप के मामले में अधिक तत्परता दिखानी चाहिए। विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को घटनास्थल पर जाने से रोकना तो सिरे से आपत्तिजनक है। पश्चिम बंगाल का संदेशखली कांड ममता बनर्जी की सरकार पर एक गहरा दाग बनता जा रहा है। जिस तरह राज्य सरकार ने विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को इस गांव में जाने से रोका है, उससे यह धारणा और गहराई है कि वह कुछ छिपाना चाहती है। इस कांड में गंभीर आरोप तृणमूल कार्यकर्ताओं पर लगे हैं। उत्तर 24 परगना के गांव संदेशखाली की दर्जनों महिलाओं ने तृणमूल सदस्यों पर यौन उत्पीड्न के संगीन आरोप लगाए हैं। इन महिलाओं के सामने आने के बाद आठ फरवरी को से वहां विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। महिलाओं ने इल्जाम लगाया है कि तृणमूल कांग्रेस से जुड़े शेख शाहजहां और उसके कथित गिरोह ने यौन उत्पीड्न करने के अलावा उनकी जमीन के बड़े हिस्से पर जबरन कब्जा भी कर लिया है। गांव के कई लोगों ने आरोप लगाया है कि वहां पुरुषों को तृणमूल कांग्रेस की बैठकों में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता था। अगर कोई इससे इनकार करता था, तो उनकी पत्नियों को धमकी दी जाती थी। शेख शाहजहां स्थानीय जिला परिषद के सदस्य भी हैं। जनवरी में जब ईडी की टीम उनके घर पर छापेमारी के लिए पहुंची, तब उनके समर्थकों ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।ईडी की टीम कथित राशन घोटाले से संबंधित मामले में उनके घर पर पहुंची थी। महिलाओं ने शेख शाहजहां के सहयोगियों शिबू हाजरा और उत्तम सरदार पर भी यौन उत्पीड्न में शामिल होने का आरोप लगाया है। सरदार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि हाजरा फरार है। मुमकिन है कि भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक मकसद से इस कांड को बहु प्रचारित किया हो। मसलन, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के 12 फरवरी को संदेशखाली का दौरा करने को लेकर उठे सवाल वाजिब हैं। राज्यपाल ने उत्पीड्न का दावा करने वाली महिलाओं से मुलाकात की थी। इसके बावजूद तृणमूल कांग्रेस के आचरण को उचित नहीं ठहराया जा सकता। उसे ऐसे गंभीर आरोप के मामले में अधिक तत्परता दिखानी चाहिए थी। विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को घटनास्थल पर जाने से रोकना तो सिरे से आपत्तिजनक है। ऐसे कदमों से पार्टी का दामन अधिक दागदार होता जाएगा।

# एमएसपी की गारंटी देने वाला कानून बनाना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है

भारत एक लोकतांत्रिक देश है और संविधान के तहत देश के हर नागरिक को शांतिपूर्ण आंदोलन और प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार है। लेकिन,न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी कानून की गारंटी के लिए आंदोलनरत किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें मंगवाने के पक्षधर नहीं दिखते। सरकार बातचीत के माध्यम से समस्या सुलझाना चाहती है। लेकिन किसान नेताओं के तेवरों और मांगों की लंबी सूची के दृष्टिगत इस बात की संभावना न्यून है कि बातचीत से ये मसला निपटेगा। वास्तव में किसान नेता भी जानते हैं कि एमएसपी कानून की गारंटी देना इस सरकार तो क्या किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है।

किसानों के असली इरादों को उनकी तैयारियों को देखकर समझा जा सकता है। जिस तरह ट्रैक्टर ट्रालियों में महीनों का राशन और दूसरा जरूरी सामान लेकर वो घरों से निकले हैं, उससे साफ है कि उनकी मंशा समझौते की नहीं, टकराव की है। वो चाहते हैं कि गलती से शासन प्रशासन के हाथों कोई ऐसा काम हो जाए, जिससे वो और उनका पूरा इको सिस्टम सरकार को किसान विरोधी साबित कर सके। ये सारी कवायद चुनाव से पहले माहौल खराब करने और सरकार की छवि को ठेस पहुंचाने की दिखाई देती है।

किसान समस्या का हल चाहते तो बातचीत में विश्वास करते। वो तो दिल्ली की तरफ हजारों की भीड़ लेकर ट्रैक्टर ट्रालियों, गाड़ियों और अन्य साधनों से दिल्ली की ओर ऐसे बढ़े मानो उन्हें किसी विदेशी सरकार से निर्णायक संघर्ष करना है। किसान नेता जब मीडिया या किसी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं तो ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानो केंद्र सरकार उनकी सबसे बड़ी दुश्मन है। मीडिया से बातचीत के समय किसान नेताओं और उनके समर्थकों की भाषा, बॉडी लैग्वेंज और भाषणों की टोन ऐसी होती हैं मानो किसी दुश्मन देश की सरकार को वो चेतावनी दे रहे हों। करोड़ों नागरिकों द्वारा निर्वाचित सरकार, जो बातचीत के लिए हमेशा तैयार है, उसके प्रति किसान नेताओं का अनादर का भाव कदम कदम पर दिखाई देता है।

किसान नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं। लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है-असली काम तो मोदी सरकार को हटाना है। लोगों में चर्चा इस बात को लेकर है कि आखिर बिना राजनीतिक दलों के समर्थन के इतना बड़ा आंदोलन इतनी जल्दी कैसे खड़ा हो सकता है। 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर पंजाब के 34 किसान संगठन विरोध कर रहे थे, जबकि यह आंदोलन मात्र कुछ किसान संगठनों द्वारा ही किया जा रहा है। तो क्या यह सही है कि इस बार का आंदोलन किसी विशेष उद्देश्य से हो रहा है? भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल इस बार किसान आंदोलन के सबसे प्रमुख चेहरे हैं। जिस तरह पिछली बार गुरुनाम सिंह चढूनी और राकेश टिकैत थे इस बार डल्लेवाल हैं। उनके मुंह से किसान आंदोलन की सच्चाई निकल गई है। डल्लेवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि राम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ग्राफ बहुत बढ़ गया था, उसे नीचे लाना है। आंदोलन में शामिल पंजाब के किसान नेता तेजवीर सिंह का एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वो किसान आंदोलन के जरिए देश की सरकार बदलने की बात कर रहे हैं। इतना



ही नहीं वो किसान आंदोलन को विपक्ष की लड़ाई लड़ने वाला भी बता रहे हैं। मतलब साफ है कि कहीं न कहीं किसान नेताओं को एक बात समझाई गई है कि ये लड़ाई किसानों के अधिकारों और एमएसपी की गारंटी के लिए नहीं है बल्कि इन मुद्दों के नाम पर सरकार को ही बदलना है। यही नहीं किसान आंदोलन को कवर कर रहे बहुत से यूट्यूबरों, मीडिया हाउसेस के वीडियो देखने को मिल रहे हैं जिन्हें देखकर आप यही कह सकते हैं कि किसान आंदोलन भ्रमित है या गलत लोगों के हाथ में है। बहुत से किसान इंडिपेंडेंट पंजाब या खालिस्तान की बात करते हुए मिलते हैं। कुछ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए मिल जाते हैं। इन किसानों के मन में एमएसपी पर गारंटी की डिमांड कम, केंद्र सरकार को बदलने का जज्बा काफी है।

इनमें से कुछ में नरेंद्र मोदी के लिए इतनी नफरत भरी हुई है जैसे किसी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता अपने विरोधी दलों के नेताओं के बारे में रखता है। बल्कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में भी अपने विरोधी दल के नेता के लिए मरने-मारने की बात नहीं होती। यहां तो किसान मरने-मारने की बात भी कर रहे हैं। पंजाब में पीएम मोदी का काफिला रोकने की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी संगठन भी इस आंदोलन में शामिल है।

आंदोलन शुरू होने से 2 दिन पहले जिस तरह कांग्रेस नेता राहुल गांधी का ट्वीट किसान आंदोलन को समर्थन करते आ गया था उससे भी इस संदेह को बल मिला कि यह आंदोलन किसानों के अधिकार के लिए नहीं बल्कि मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ज्यादा है। कांग्रेस नेता रमनदीप सिंह मान पर आरोप है कि वो कांग्रेस और किसान नेताओं के बीच कड़ी का काम कर रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखपत्र पांचजन्य के हैंडल ने उनके कई ट्वीट्स की कड़ी का थ्रेड बनाकर अपने हैंडल पर डाला हुआ है। इस थ्रेड से पता चलता है कि कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने किस तरह रमनदीप सिंह के साथ मिलकर किसान आंदोलन को खड़ा किया।

जब चार साल पहले तीन नए कृषि कानूनों के विरोध में राजधानी को लगभग 13 महीने तक बंधक बनाए रखा गया था। धरना-प्रदर्शन और आंदोलन के बहाने अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किसान संगठनों की ओर से बनाए गए माहौल का ही नतीजा था कि केंद्र सरकार को उन तीन कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था, जिन्हें कृषि और कृषक समुदाय के लिए क्रांतिकारी माना जा रहा था।

सच्चाई यह है कि पिछली सरकारों ने जो कुछ किसानों की भलाई के लिए किया, वर्तमान सरकार ने उससे बढ़कर ही किया है। आंकड़ें इसके प्रत्यक्ष साक्षी हैं। ये भी सच्चाई है कि किसानों की भलाई के लिए काफी कुछ किया जाना बाकी भी है। असल में, जब आंखों में विरोधी चश्मा चढ़ा हो और दिमाग में रटी रटाई स्क्रिप्ट तैर रही हो तो बातचीत से मामला हल कहां होने वाला है? सरकार चाहे जितने भी उपाय और मजबूरियां बता दे, किसान नेताओं को तो अपनी बात पर अड़े रहना है। शायद उनके राजनीतिक आकाओं की ऐसी ही मंशा होगी।

किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। पिछले सात दशक से जिस तरह की कृषि नीति देश में अपनायी गयी है, उन नीतियों से किसानों की स्थिति तो नहीं सुधरी है, न ही उनको उनकी उपज का वाजिब दाम ही मिल पाता है। लेकिन किसानों के ही फ़सलों से कृषि तंत्र पर क़ब्ज़ा जमाए बिचौलियों और कारोबारियों की आर्थिक सेहत हमेशा ही बल्ले-बल्ले रही है। कृषि क्षेत्र में सुधार और बिचौलियों को सिस्टम से बाहर करने के लिए ही सरकार तीन नये कृषि कानून लेकर आई थी। लेकिन ये भ्रम फैलाया गया कि नये कानून किसान विरोधी हैं। सरकार ने भी दबाव में आकर कानून वापस ले लिये। जानकारों का मानना है कि, नये कृषि कानून लागू हो गये होते तो किसानों की कई समस्याओं का हल स्थायी तौर पर हो जाता।

किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले, उनका जीवन सुधरे और वो भी पूरे मान सम्मान के साथ जीवन बिताएं, इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं है। किसानों को भी तनातनी और राजनीति छोड़कर बातचीत से मसला हल करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। हिंसा और उपद्रव से किसानों की छवि तो खराब होती ही है, देश के साधनों और संसाधनों का नुकसान होता है और आम नागरिकों को भी परेशानियां पेश आती हैं। सरकार को सहानुभूति पूर्वक किसानों की व्यावहारिक मांगों को स्वीकार करना चाहिए।

**-आशीष वशिष्ठ**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## चल तू पढ़ाई शुरू कर

इधर उधर घूमना बंदकर
यूं समय को बर्बाद मतकर
ये समय नहीं आएगा लौटकर
पन्नो को देख जरा पलट कर
चल तू पढ़ाई शुरू कर।
लक्ष्य बनाकर तैयारी कर
दुनिया को दिखा कुछ बनकर
तू कुछ नहीं कर सकता
ऐसे बोलने वाले का मुंह बंदकर
चल तू पढ़ाई शुरू कर।
दिखा कुछ बनकर
माता-पिता गर्व करे तुझ पर
किस्मत पर यकीन मतकर
अपनी मेहनत पर विश्वास कर
चल तू पढ़ाई शुरू कर।
अपने सपने को सच कर
माता-पिता का नाम रोशन कर
जब तक मंजिल नहीं मिलता
मत बैठ तू थक हार कर
चल तू पढ़ाई शुरू कर।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## चेहरे से परदे जरूर हटाऊंगा

हम रहे हमेशा सादगी में,
इंसानियत रहा हमारा गहना,
कभी इतराए नहीं
अपने कर्मो से,
हमेशा सीखा है
हमने प्रेम में बहना।
तुम कहते हो कि मैं कुछ कमाल कर दूं,
सलीका अपना ज़रा बदल दूं,
पर मेरे दोस्त
दुनिया क्या समझेगी,
हमको नहीं आता किसी के लिए यूं बदलना।
जब मैं बदलूंगा
पूरी तरह से बदलूंगा,
दिल से निभाते
आया हूं सारे रिश्ते,
जब इतराऊंगा तो खूब इतराऊंगा,
सबके चेहरे से
परदे जरूर हटाऊंगा।

**डॉक्टर जय अनजान**
बिलासपुर हिमाचल प्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# हिट विकेट हो गए कमलनाथ



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू राजस्थान

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया है। पिछले एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थी। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया है। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस पार्टी में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं।

भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप है। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है।



कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए।

कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस पार्टी के मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया। इससे कमलनाथ को बड़ा झटका लगा था और तभी से वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपने प्रवेश की जुगत लगाने लगे थे।

हालांकि अब कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी वह शामिल होंगे। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी के सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों को जितवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। मगर राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह कमलनाथ की खिसियाहट मिटाने का एक तरीका है। कमलनाथ को पता है कि भाजपा में शामिल नहीं होने के कारण पार्टी नेतृत्व के समक्ष उनकी छवि संदिग्ध की बन चुकी है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि जब भी मौका मिलेगा कमलनाथ कांग्रेस को अलविदा कह देंगे। इसलिए कांग्रेस आलाकमान उनको लेकर हमेशा सतर्क रहेगा और आगे उन्हें ऐसी कोई बड़ी जिम्मेदारी भी नहीं दी जाएगी जिस से उनके पार्टी छोड़ने पर पार्टी की छवि खराब हो।

कमलनाथ जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा पिछले एक सप्ताह से जिस तरह का राजनीतिक ड्रामा किया गया था उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। कमलनाथ की छवि एक गंभीर और सुलझे हुए नेता की मानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा में शामिल होने को लेकर अफवाहों का जो दौर देखने को मिला उससे उनकी छवि तो खराब हुई है। आने वाले समय में वह राजनीतिक रूप से भी कमजोर हो जाएंगे ऐसी संभावना जताई जाने लगी है। अब कांग्रेस आलाकमान भी उनके समर्थकों से सीधी बात कर डैमेज कंट्रोल करने में जुट गया है। आने वाले समय में यदि कमलनाथ अपने सांसद पुत्र नकुलनाथ को भाजपा में शामिल भी करवा देते हैं तो कांग्रेस को अधिक नुकसान नहीं हो। इस बात को लेकर कांग्रेस आलाकमान अपनी गोटिया बिठाने में जुट गया है।

आज कमलनाथ की स्थिति न घर की न घाट की वाली बन गई है। भाजपा आलाकमान भी नहीं चाहता है कि महज एक छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के लिए कमलनाथ को पार्टी में लाकर प्रदेश में एक नया गुट खड़ा करें। इसीलिए अंतिम समय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ कि भाजपा एंट्री को रोक कर उन्हें ऐसा झटका दिया है जिससे वह है शायद ही कभी उबर पाए।

राजस्थान में कांग्रेस के बड़े आदिवासी नेता व कांग्रेस की कार्य समिति के सदस्य महेंद्रजीत सिंह मालवीय भाजपा में शामिल हो गए हैं। मालवीय राजस्थान के बांगड़ क्षेत्र में बड़े कद के राजनेता है और कई बार मंत्री, विधायक, सांसद, प्रधान, जिला प्रमुख रह चुके हैं। इससे पूर्व महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में शामिल हो गये थे। कई अन्य नेता भी कतार में हैं। कांग्रेस के ऐसे बड़े जनाधार वाले नेता पार्टी छोड़कर क्यों जा रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान को इस बात पर भी चिंतन मनन करना चाहिए।राजनीति के जानकारो का कहना है कि मौजूदा समय में कांग्रेस के बड़े जन आधार वाले नेता हाशिये पर डाल दिए गए हैं। ऐसे कागजी नेताओं को जिन्होने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा उन्हे अग्रीम मोर्चे पर लगा दिया गया है। बिना जनाधार वाले नेता ही जुगाड़ कर राज्यसभा में पहुंच जाते हैं। उसी का नतीजा है कि कांग्रेस के जन आधार वाले नेता दूसरे दलों में अपना राजनीतिक भविष्य तलाशने लगे हैं।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## छत्तीसगढ मोर महतारी

छत्तीसगढ़ मोर महतारी के
मैं हर चरण नवावँव माथ हे
मैं हर छत्तीसगढ़ीहा भईया
तोर झन छूटय कभू साथ हे।
छत्तीसगढ़ीहा बोली-भाखा
निच्चट गुरतुर मोला लागे हे
छत्तीसगढिहा सबले बढिहा
सोला-आना सहिच लागे हे।
इहा के वासी सिधवा-बपुरा
झूठ-लबारी कभू नई जाने हे
ईमान-धरम के रद्दा म चलके
अपन जिनगानी ल सवाँरे हे।
पर सेवा हित करम-कमाई
एमन के रग-रग म समाए हे
जस-नेकी अउ करय भलाई
इहिच म ए मन सुख पाए हे।
इहाँ के मनखे इहाँ के वासी
कुल-पुरखा के लाज रखे हे
रीत-नित के डाहर म चलके
आस-विसवास अपन धरे हे।
इहाँ के परब तीजा अउ पोरा
अउ छेरछेरा-हरेली-तिहार हे
इहिच म सब दया-मया भरे हे
जेमा दिखथे सुमता के सार है।




**अशोक पटेल आशु**
तुस्मा,शिवरीनारायन छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## चिराग बन चलता चल

जिंदगी की राह में,
कदम मिला के चलता चल।
गम मिले कि मिले खुशी,
तू मुस्कुरा के बढ़ता चल।
यह न सोच कि क्या मिला,
जो मिला बहुत मिला।
अंधेरे को न कोसना,
तू बन चिराग जलता चल।।
जीवन आनी जानी है,
पल-दो-पल की कहानी है।
ध्यान लगा के सुन जरा,
ये गीता की जुबानी है।
कर्म सदा तू करता चल,
फल की इच्छा मत कर।
फिर देख कैसे दुनिया ये,
बनती तेरी दीवानी है।।
हौसलें को रख बुलंद,
बढ़ने का संकल्प कर।
औरों की न आस रख,
खुद पे तू विश्वास कर।
होगा नया सवेरा,
मिटेगा घोर अंधेरा।
पिघलेगा ये पीर पहाड़,
कदम तो रख तू जमकर।।
अवनि से अम्बर तक,
फैल रहा प्रकाश है।
जो कभी झुकता नहीं,
उम्मीदों का आकाश है।
चल सदा तू चलता चल,
आगे - आगे बढ़ता चल।
होगा तेरा जय-जयकार,
हमको तो विश्वास है।।



**कुमकुम कुमारी**
काव्याकृति
मुंगेर, बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# 2019 की हार के बावजूद अमेठी का मैदान छोड़ने के मूड़ में नहीं दिख रहे हैं राहुल गांधी

कांग्रेस नेत्री और गांधी परिवार की बेटी प्रियंका वाड्रा गाँधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने की चर्चा पर कांग्रेस आलाकमान भले ही चुप्पी साधे हुए है, लेकिन राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने काफी कुछ साफ कर दिया है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब अमेठी पहुंची तो लगे हाथ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का संकेत देकर गाँधी परिवार की अमेठी-रायबरेली वाली सियासत को फिर जिंदा कर दिया है। यह दोनों वह संसदीय क्षेत्र हैं जिसका गांधी परिवार से काफी लगाव रहा है। जब कांग्रेस पूरे उत्तर प्रदेश में उखड़ गई तब भी अमेठी रायबरेली में उसकी जड़ें जमी रही थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में जरूर अमेठी से गाँधी परिवार का सफाया हो गया था लेकिन यहां कांग्रेस अभी खत्म नहीं हुई है। गांधी परिवार भावनात्मक रूप से अपने आप को अमेठी से जोड़कर बड़ा उलटफेर करने की ताकत रखता है। खरगे ने राहुल गांधी की अमेठी से लोकसभा उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा नहीं की मगर अमेठी की जनता से यह जरूर कह दिया कि राहुल गांधी कल भी आपके साथ थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। इससे पूर्व सोनिया गांधी ने भी रायबरेली की जनता को लिखे भावनात्मक पत्र में अमेठी का जिक्र करके इसे गांधी परिवार के करीब बताया था।



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अमेठी से गांधी परिवार के करीबी रिश्ते को लेकर सोनिया गांधी के 26 साल पहले दिए गए बयान का हवाला देते हुए कहा कि राहुल गांधी भी अमेठी से दिल का करीबी रिश्ता होने की बात को आज दोहरा रहे हैं। राहुल के अमेठी से चुनाव लड़ने के इरादों का साफ संदेश देते हुए खरगे ने इस संसदीय क्षेत्र की जनता से यह कहने से भी गुरेज नहीं किया कि भले ही क्षेत्र को कोई सांसद मिल सकता है, मगर राहुल गांधी जैसा इंसान उन्हें कहां मिलेगा। मगर इससे इत्तर अमेठी से चुनाव लड़ना गांधी परिवार के लिये अब आसान नहीं रह गया है। पिछले पांच वर्षों में अमेठी काफी बदल गया है। अमेठी की मौजूदा सांसद और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी अमेठी की जनता के दिलों में अपनी जगह बना ली है। खास बात यह रही कि मल्लिकार्जुन खरगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में जब अमेठी पहुंचे तो राहुल गांधी की मौजूदगी में वहां हुई एक जनसभा में अमेठी के रास्ते उत्तर प्रदेश के मैदान में कांग्रेस के डटे रहने का एलान किया गया। अमेठी वासियों के साथ गांधी परिवार के निकट रिश्तों का जिक्र करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने एक शायरी की पंक्तियों- 'अगर तलाश करे कोई मिल ही जाएगा, मगर तुम्हारी तरह कौन हमको चाहेगा', के द्वारा राहुल के अमेठी के चुनावी रण में ताल ठोंकने की घोषणा की।

खरगे ने यह भी कहा कि अमेठी को भले ही कोई सांसद मिल जाए मगर राहुल जैसा सहज और सहृदयी इंसान कहां मिल पाएगा। शायरी की इन पंक्तियों के बाद खरगे ने कहा कि अमेठी के लोग भी यही बोलते हैं और राहुल गांधी को चाहते हैं। राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने को लेकर भले ही सीधे कोई टीका-टिप्पणी नहीं की लेकिन अमेठी और यहां के लोगों के साथ गहरे प्यार और जुड़ाव का इजहार करते हुए सदैव उनका आभारी रहने की बात कह पुराने रिश्ते की डोर को आगे बढ़ाते रहने का संदेश दिया। अमेठी से रिश्ते की बुनियाद नई नहीं बल्कि दशकों पुरानी है।

खैर, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि राहुल गांधी और उससे पहले सोनिया गांधी के रिश्ते की बुनियाद अमेठी से नई नहीं बल्कि दशकों पुरानी है। इसका संदेश देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष ने राजनीति में आने के बाद 1998 में पहली बार अमेठी आयी सोनिया गांधी के पूरे बयान को पढ़ा। इसमें सोनिया ने कहा था-'मेरे मन में अमेठी के लोगों के प्रति अटूट प्रेम और आदर है। अमेठी मेरे पति की कर्मभूमि थी। उनके दिल में अमेठी के भाई-बहनों के लिए कितना प्यार और समर्पण था मैंने इसे गहराई से महसूस किया है। आपने हर हालात में हमारा साथ दिया है। ये बात हम कभी भूल नहीं सकते। खरगे ने कहा कि सोनिया गांधी की यही बात फिर राहुल गांधी ने दोहराई है। आपके साथ उनका गहरा संबंध और प्रेम है। कांग्रेस अध्यक्ष के इस बेलाग बयान का सार स्पष्ट है कि वर्तमान में केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल गांधी 2019 की पराजय के बावजूद अमेठी का चुनावी रण नहीं छोड़ेंगे।

**-अजय कुमार-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## एक बार फिर देश में आगामी चुनाव से पहले कृषि आंदोलन के लहर

भारत जो एक कृषि प्रधान देश कहलाता है । वहां एक बार फिर किसान आंदोलन लगातार सुर्खियां बटोर हुए हैं। इतिहास गवाह है कि किसानों की आर्थिक स्थिति हमेशा से एक विचारणीय विषय रहा है। इससे पहले हुए किसान आंदोलन से इस बार के आंदोलन को कुछ अलग नजरिए से देखा जा रहा है। हालांकि आंदोलन का मुद्दा किसानों की वही मांगे हैं जिन्हें पूरा करने का सरकार ने वादा किया था। किसानों द्वारा अध्यादेश के जरिए बनाए गए तीनों नए कृषि कानून को वापस लेने की मांग की गई थी । किसान न्यूनतम एमएसपी के मांग द्वारा अपनी आर्थिक सुरक्षा चाहते है। सरकार द्वारा किसानों को इस मुद्दे पर कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिल पाया है । जिसे ले कर किसानों मे असंतोष बना हुआ है ।इस आंदोलन को लेकर देशभर में एक तनाव का माहौल बना हुआ है। तथाकथित तथ्यों पर आधरित इस आंदोलन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी संगठन के अध्यक्ष सुरजीत सिंह फूल, पंजाब किसान मजदूर संघर्ष समिति के सरवन सिंह पंधेर और संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल कर रहे हैं। सरकार द्वारा आंदोलन को मद्दे नजर रखते हुए दिल्ली से जुड़े हुए बॉर्डर बंद कर दिए गए हैं तथा उन पर बैरिकेट्स और पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। आंसू गैस के गोलों का सहारा भी लिया जा रहा है। दूसरी और किसान भी पूरी तैयारी के साथ धरने पर बैठे हुए हैं। किसानों द्वारा किए गए इस आंदोलन का प्रभाव बाजारों मैं बढ़ते सब्जियों के दामों,दिल्ली आने जाने वाले यात्रियों, व्यापारियों को हो रही असुविधा के रूप में सामने आ रहा है।अभी ये कह पाना संभव नहीं कि यह आंदोलन कितना लंबा चलेगा। इस समय देश में आगामी चुनाव का माहौल भी है । एक मत ये भी है की इस समय किसान आन्दोलन का जोर पकड़ना आने वाले चुनाव पर गहरा प्रभाव डालेगा। हम उम्मीद करते हैं कि सरकार और किसान मोर्चा के प्रतिनिधि बातचीत के द्वारा देश हित में जल्द ही किसी निर्णायक समाधान पर पहुंच पायेंगे।



**केशी गुप्ता**
द्वारका दिल्ली

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# फर्जी तरीके से खाते से निकाल लिए गए 2.30 लाख, बैंक के पूर्व मैनेजर व महिला अधिकारी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

एचडीएफसी बैंक से 2.30 लाख रुपए फर्जी तरीके से निकाले जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने बैंक के पूर्व मैनेजर व महिला अधिकारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार सोनप्रताप उम्र 40 वर्ष साकिन खैरबार अम्बिकापुर का थाना अम्बिकापुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी का खाता नमनाक़ला स्थित एचडीएफसी बैंक में है। जिस पर प्रार्थी का मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड था एवं खाते का एटीएम जारी नहीं कराया गया था। जो प्रार्थी को 1 माह पूर्व पता चला कि उसके खाते में बैलेंस नहीं है, जबकि प्रार्थी के खाते में 2 लाख 30 हजार रुपये का होना बताया गया है। प्रार्थी द्वारा बैंक से पता करने पर ज्ञात हुआ कि 13 फरवरी से 30 मई 2023 के मध्य खाते से राशी का आहरण हुआ हैं, एवं प्रार्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर कों हटाकर नया अनजान नंबर लिंक किया गया है। प्रार्थी कों बैंक एटीएम जारी होने की सूचना भी दी गई। जो प्रार्थी के खाते से कुल 2 लाख 30 हजार रुपये का आहरण अज्ञात व्यक्ति द्वारा किये जाने के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 420, 409, 34 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा तत्कालीन बैंक प्रबंधक रवि रंजन सिंह उम्र 33 वर्ष साकिन भटगांव पुराना माईन्स कॉलोनी भटगांव सूरजपुर एवं बैंक अधिकारी मनीषा जैन उम्र 27 वर्ष साकिन जोड़ा पीपल की घेराबंदी कर पकड़कर घटना के सम्बन्ध में पूछताछ किया गया,जो तत्कालीन बैंक प्रबंधक एवं अधिकारियो द्वारा ग्राहक को जारी चेक बुक में से 1 प्रति चेक निकाल कर रख लेना एवं प्रार्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर कों हटाकर दूसरा नंबर लिंक कर ग्राहक के खाते से 2 लाख 30 हजार रुपये का आहरण कर धोखाधड़ी कर गबन करना स्वीकार किया गया, जो मामले मे आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना कोतवाली से उप निरीक्षक सुनीता भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता, आरक्षक रुपेश महंत, लालभुवन सिंह, संजय कुजूर शामिल रहे।



## अनाचार के मामले में आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

अनाचार के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया द्वारा चौकी कुन्नी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि घटना 3/01/24 कों जान-पहचान का रामलाल यादव अधिक पैसे का काम दिलाने की बात बोलकर झांसे मे लेकर पीकप वाहन मे बैठाकर ग्राम बिनिया की ओर ले जा रहा था, बीच रास्ते मे सुनसान जंगल मे पीकप वाहन रोककर प्रार्थिया कों जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी रामलाल यादव द्वारा प्रार्थिया से जबरन अनाचार की घटना कारित किया गया हैं, प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना लखनपुर मे धारा 363, 376 (2) (एन), 506 भा.द.वि. पोक्सो एक्ट की धारा 4, एस. टी/एस. सी एक्ट की धारा 3 (2)(5) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी के सम्बन्ध मे तकनिकी जानकारी प्राप्त कर आरोपी की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम रामलाल यादव उम्र 35 वर्ष साकिन पटकुरा चौकी कुन्नी थाना लखनपुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया गया, जो आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं, आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त पीकप पुलिस टीम द्वारा जप्त किया गया हैं।



## 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने साइकिल रेस प्रतियोगिता में शामिल होने कराया पंजीयन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिला प्रशासन सरगुजा द्वारा मैनपाट महोत्सव 2024 के अवसर पर पुरुष एवं महिला साइकिल रेस का आयोजन 22 फरवरी को होगा। जिसमें 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। राज्य के अलग-अलग जिलों से शामिल होने वाले प्रतिभागियों में 157 पुरुष एवं 44 महिलाएं शामिल हैं। प्रतियोगिता की शुरुआत सुबह 7-30 बजे घड़ी चौक अम्बिकापुर से होगी, जो 30 किमी साइक्लिंग के बाद नवापाराकलां में समाप्त होगी। गौरतलब है कि साइकिल रेस के विजेता महिला एवं पुरूष प्रतिभागियों को जिला प्रशासन सरगुजा की ओर से नगद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। प्रथम स्थान प्राप्त महिला और पुरूष खिलाड़ी को 21 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त महिला और पुरूष खिलाड़ी को 11 हजार रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त महिला और पुरूष खिलाड़ी को 51 सौ रूपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। दसवें स्थान तक आने वाले खिलाडियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।



## सरगुजा रेंज के 95 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किये गए नामांकित

» अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा 19 से 21 फरवरी तक रक्षित केंद्र स्थित पुलिस ग्राउंड में अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सरगुजा रेंज के सभी 6 जिले के 116 चयनित खिलाड़ी शामिल हुए। पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर कुल 95 खिलाड़ी राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता हेतु चयनित किए गए।

प्रतियोगिता में एथेलिटिक्स, फुटबॉल, वालीबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, कब्बडी, बॉक्सिंग, जुडो, वुशू सहित 43 प्रतियोगिताए आयोजित की गई। टीम गेम अंतर्गत वालीबॉल खेल में सरगुजा, फुटबॉल में बलरामपुर, बैडमिंटन डबल में सरगुजा, बैडमिंटन सिंगल में सूरजपुर की टीम विजेता रही। एथेलिटिक्स एवं टीम गेम में कुल 95 खिलाड़ी राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा सभी चयनित प्रतियोगियों को आगामी प्रतियोगिता हेतु बेहतर खेल का प्रदर्शन करने शुभकामनायं दी गई। खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह गुरुवार को किया जाएगा। सुबह 10 बजे रक्षित केंद्र स्थित पुलिस ग्राउंड में आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर विलास भोस्कर संदीपान एवं एसपी विजय अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न किया जायगा। अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपुत, सहायक उप निरीक्षक अभय तिवारी, पीटीआई आनंदधर दीवान, 2 महिला पीटीआई, सहित 8 पीटी आई, प्रधान आरक्षक अनिल तिर्की, आरक्षक श्रीनिवास राव ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## दहेज प्रताड़ना से परेशान महिला ने कर ली थी आत्महत्या,पति,ससुर व सास गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली थी। कुन्नी चौकी पुलिस ने आरोपी पति, ससुर व सास को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जमदरा निवासी रूमा यादव पति नागेन्द्र यादव 1 अक्टूबर 2023 को कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले की रिपोर्ट मृतका के ससुर गुलाब यादव ने गुन्नी चौकी में दर्ज कराई थी। ससुर ने पुलिस को बताया था कि मृतका घटना दिवस मायके मैनपाट जाने के लिए बोल रही थी। मना करने पर गुस्से में आकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने मृतका के मायके वालों को बयान लिया। बयान में मायके पक्ष ने पति, सास व ससुर पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया था। मामले में मृतका के ससुराल पक्ष की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज कर आरोपी पति नागेन्द्र यादव उम्र 23 वर्ष, ससुर गुलाब यादव उम्र 42 वर्ष व सांस आरती यादव उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

## कोर्ट परिसर में घुसकर कुत्ते ने वकील समेत आधा दर्जन लोगों को काटा,मच गई अफरातफरी





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिला न्यायालय परिसर में बुधवार की दोपहर एक आवारा कुत्ता घुस आया। इस दौरान उसने एक वकील व कोर्ट में पेशी पर आए 4-5 अन्य लोगों को काट लिया। इससे वहां अफरातफरी मच गई। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष की सूचना पर महापौर ने निगम की टीम को मौके पर बुलाया। इसके बाद टीम कुत्ते को पकड़कर साथ ले गई। इधर कुत्ते के हमले में घायल अधिवक्ता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जा गया।

शहर के अधिवक्ता केडी प्रजापति बुधवार को अंबिकापुर जिला न्यायालय में वकालत करने गए थे। दोपहर करीब 1 बजे कोर्ट परिसर में घुसे एक आवारा कुत्ते ने अधिवक्ता केडी प्रजापति समेत आधा दर्जन लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। इससे परिसर में हड़कंप मच गया।

कुछ देर बाद कुत्ते के हमले में घायल अधिवक्ता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जबकि ग्रामीण क्षेत्र से आए अन्य घायल अपने-अपने घर चले गए।

### निगम की टीम ने कुत्ते को पकड़ा

कुत्ते के हमले में अधिवक्ता के घायल होने की खबर मिलते ही अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने महापौर डॉ. अजय तिर्की को फोन पर इसकी सूचना दी।

महापौर के निर्देश पर निगम की सफाई टीम ने कोर्ट पहुंचकर कुत्ते को पकड़ा। इस संबंध में अधिवक्ता संघ का कहना है कि कोर्ट परिसर में आए दिन आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। इससे हमले का खतरा बना रहता है।



## आदेश जारी कर 3 टी आई 1 उप निरीक्षक 2 सहायक उप निरीक्षकों का हुआ तबादला

- संवाददाता -
सुरजपुर,21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले के वरिष्ठ पुलिस कप्तान एम आर अहीरे ने एक स्थानांतरण आदेश जारी कर 3 टी आई 1 उप निरीक्षक 2 सहायक उप निरीक्षकों को स्थांतरित किया है। प्रभावित अधिकारी कर्मचारियों में निरीक्षक लक्ष्मण ध्रुव को सायबर सेल से थाना प्रभारी प्रतापपुर नीलिमा तिर्की थाना प्रभारी चंदौरा से थाना प्रभारी प्रेमनगर जगन सिंह थाना प्रभारी प्रेमनगर से थाना प्रभारी ओड़गी उप निरीक्षक प्रमोद पांडेय रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी चंदौरा सहायक उप निरीक्षक बृज किशोर पांडेय चौकी प्रभारी तारा से प्रभारी यातायात धनंजय पाठक रक्षित केंद्र से चौकी प्रभारी तारा पदस्थ किया गया है।

## अदाणी फाउंडेशन ने आयोजित की विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर



» अब तक 200 से अधिक मरीज ले चुके हैं इसका लाभ

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा जिले के उदयपुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों में विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। राजस्थान राज्य विद्युत के सामाजिक सरोकारों के तहत ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए पिछले एक माह से लगातार जारी इस विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर में ग्रामीणों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आँख, त्वचा, दंत रोग संबंधित तथा शिशुओं की बीमारियों के ईलाज की सुविधा घर बैठे ही उपलब्ध हो रही है। इस विशेष शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ और शल्य चिकित्सक डॉ. रोहित दुबे (BDS), त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. इति जैन गुप्ता (Dermatologist), शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मेघा गोयल (DNB Pediatrics) तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अक्षय गोयल (MS Ophthalmology, Phaco Surgeon, FPO,FMR) द्वारा मरीजों का ईलाज एवं परामर्श निःशुल्क दिया जा रहा है।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान के पास के ग्रामों परसा, साल्ही, बासेन, घाटबर्रा, फतेहपुर इत्यादि गांव में लगातार आयोजित किया जा रहा है जिसमें जनवरी से अब तक 200 से अधिक मरीजों ने अपनी आँखों, दांतों, त्वचा संबंधित रोगों तथा शिशुओं का ईलाज कराया है। वहीं इस महीने की विशेष स्वास्थ्य जाँच की श्रंखला में मंगलवार, 20 फरवरी को घाटबर्रा गांव में एक संयुक्त त्वचा और दंत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 42 लाभार्थियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। जबकि शनिवार,17 फरवरी, 2024 को फ़तेहपुर गाँव में एक दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिससे 43 व्यक्तियों को लाभ हुआ साथ ही ग्राम साल्ही में एक बाल चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 20 बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा किया गया। इसके अलावा बासेन गांव में एक नेत्र शिविर में नेत्र देखभाल सेवाएं चाहने वाले 37 व्यक्तियों को सहायता प्रदान की गई।

## मैनपाट महोत्सव के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने चलाया गया रिफ्लेक्टर अभियान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

मैनपाट महोत्सव के दौरान सड़क दुर्घटनाओं मे कमी लाने एवं आमनागरिकों को बेहतर यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरगुजा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अंतर्गत लाइट रिफ्लेक्टर अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस द्वारा लाइट रिफ्लेक्टर मुख्य मार्ग के दोनों तरफ लगाए गए हैं। जिससे रात में आमनागरिकों को बेहतर यातायात की सुविधा उपलब्ध हो सके।

यातायात पुलिस द्वारा सीतापुर से मैनपाट रोड में एवं अम्बिकापुर से मैनपाट महोत्सव स्थल तक एवं अन्य पर्यटन स्थल के चिन्हांकित स्थलों पर जहां सड़क दुर्घटना के कई प्रकरण होते हैं, ऐसे स्थलों के आस-पास में निवास करने वाले नागरिकों को वाहन दुर्घटना के दौरान घायलों की प्राथमिक चिकित्सा हेतु डायल 112 डायल 108 को त्वरित रूप से सूचना देने हेतु समझाईस दी गई। सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायलों की मदद करने हेतु आस-पास के ग्रामीणों को जागरुक भी किया गया। सरगुजा पुलिस ने मैनपाट महोत्सव में शामिल होने के दौरान आवागमन में सावधानी बरतने की अपील की है। सड़क दुर्घटना के दौरान आपताकालीन हेल्पलाइन नंबर पर तत्काल सूचना देने एवं शराब पीकर दोपहिया एवं चारपाहिया वाहन न चलाने की अपील की है। सरगुजा पुलिस द्वारा मैनपाट महोत्सव के दौरान सभी चौक चौराहों में चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, नाबालिग वाहन चालकों, शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## खड़े ट्रक के पीछे टकराकर बाइक सवार हुआ घायल

- संवाददाता -
लखनपुर,21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित कुंवरपुर जलाशय मोड़ के पास 21 फरवरी दिन बुधवार की दोपहर लगभग 3 बजे सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे तेज रफ्तार बाइक सवार जा टकराया। जिससे बाइक सवार व्यक्ति के सर में गंभीर चोटे आई हैं। रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों के द्वारा घटना की सुचना लखनपुर पुलिस को देते हुए घायल व्यक्ति को उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार उपरांत सर में गंभीर चोट होने के कारण घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शी द्वारा बताया जा रहा है कि ट्रक चालक सड़क किनारे ट्रक खड़ा करके नहर में नहाने गया हुआ था। उदयपुर से लखनपुर की ओर आ रहे बाइक सवार व्यक्ति ने बाइक पर से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा टकराया। बाइक सवार व्यक्ति को सर में गंभीर चोटे आई हैं ।अब तक बाइक सवार व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। फिलहाल लखनपुर पुलिस ट्रक और मोटरसायकल वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी है।



CMYK

# आम चुनाव में धांधली के आरोपों पर अमेरिका ने की जांच की मांग

## बोले- यह निष्पक्ष लोकतंत्र के लिए अहम



**वाशिंगटन/इस्लामाबाद, 21 फरवरी 2024।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए थे। जिसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मची हुई है। तमाम संगठनों का आरोप है कि चुनावों में धांधली की गई। इस बीच, अमेरिका ने कहा कि पाकिस्तान आम चुनाव में हस्तक्षेप और धोखाधड़ी के दावों की जांच होनी चाहिए। अमेरिका ने चुनावी धांधली के आरोपों के बीच कहा कि पाकिस्तान के कानूनों के तहत पारदर्शी जांच निष्पक्ष लोकतंत्र के लिए जरूरी है।

### चुनावी धांधली की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए- अमेरिका

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली द्वारा लगाए गए धांधली के आरोपों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। 17 फरवरी को वरिष्ठ पाकिस्तानी नौकरशाह ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य न्यायाधीश आठ फरवरी के चुनावों में चुनाव धांधली में शामिल थे। इन आरोपों के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लियाकत अली ने कहा कि जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जीता हुआ घोषित किया गया।

### वैसे पाकिस्तान का अंदरुनी मामला, लेकिन जांच जरूरी- मिलर

जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों को बड़ा जनादेश मिला था। मिलर ने कहा कि वैसे हम पाकिस्तान के आंतरिक मामले में नहीं पड़ना चाहते हैं। लेकिन निष्पक्ष लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्ध अमेरिका चाहता है कि पाकिस्तान में चुनावी धांधली की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने नकदी संकट से जूझ रहे देश में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स%को नियंत्रित किए जाने को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, अमेरिका दुनियाभर में इंटरनेट पर पूरी आजादी देखना चाहता है। जिसमें लोगों का एक-दूसरे संवाद के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले प्लेटफॉर्म की उपलब्धता भी शामिल है।

### पाकिस्तान चुनाव आयोग ने आरोपों को किया खारिज

लियाकत अली चट्ठा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान चुनाव आयोग ने कहा कि हम इस तरह के बेबुनियादी आरोपों को खारिज करते हैं। इस बीच, बुधवार को पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने आठ फरवरी के चुनावों में अनियमितताओं पर नए चुनावों की मांग करने वाली एक याचिका को प्रचार स्टंट कहकर खारिज कर दिया था। एक दिन पूर्व, मंगलवार को पीएमएल-एन और पीपीपी ने घोषणा की कि वे नई गठबंधन सरकार बनाने जा रहे हैं।



## ब्रिटेन में अवैध कर्मचारियों को रखने पर भारतीय रेस्तरां मालिक पर सात साल का प्रतिबंध

**लंदन,21 फरवरी 2024।** ब्रिटेन में एक भारतीय रेस्तरां और टेकअवे के मालिक को काम के अधिकार की जांच किए बिना बांग्लादेश से तीन अवैध श्रमिकों को काम पर रखने के लिए 2031 तक किसी कंपनी का निदेशक रहने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। मार्च 2020 में आव्रजन प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा रेस्तरां पर छापा मारने से पहले 51 वर्षीय इकबाल हुसैन ने हर्टफोर्डशायर के हाई स्ट्रीट पर टेस्ट ऑफ राज में इन तीनों श्रमिकों को काम पर रखा था जो 40 से 50 साल के बीच की उम्र के थे। एनफील्ड के निवासी, हुसैन जून 2014 से टेंडर लव लिमिटेड के नाम से व्यापार करने वाले रेस्तरां के एकमात्र निदेशक थे। श्रमिकों ने जांचकर्ताओं को बताया कि उन्होंने रेस्तरां में चार दिन से लेकर दो महीने तक काम किया था। गृह कार्यालय के एक बयान में कहा गया कि हुसैन ने न केवल काम करने के अधिकार की जांच किए बिना उन्हें काम पर रखा, बल्कि उन्होंने ब्रिटेन में काम करने के योग्य साबित करने वाले आवश्यक दस्तावेज भी नहीं लिए।

## हिना ने इमरान को बताया लोकलुभावनवाद का पोस्टर बॉय, कहा-सत्ता में रहते हुए विपक्ष की तरह करते थे काम





**इस्लामाबाद, 21 फरवरी 2024।** पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार ने इमरान खान को %लोकलुभावनवाद का पोस्टर बॉय% बताया। उन्होंने कहा कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री अन्याय के मुद्दों के इर्द-गिर्द रैली करके देश की जनता को एकसाथ लाने में सक्षम थे। लेकिन सत्ता में रहने के दौरान उनके पास उन लोगों को संकट से बाहर निकालने की योजना नहीं थी। पीपीपी नेता खार ने यह टिप्पणी जर्मनी के म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के इतर मीडिया से बात करते हुए यह टिप्पणी की।

डॉन अखबार की खबर के मुताबिक खार ने कहा, ÷इमरान लोकलुभावनवाद के पोस्टर बॉय हैं। वह हर किसी को यह बताने में सक्षम थे कि क्या गलत हो रहा है और क्या अन्याय है। लेकिन, जब वह सत्ता में आए, तो उनके पास उन लोगों को समस्या से बाहर निकालने के लिए कोई योजना नहीं थी। वह जब सरकार में भी होते हैं, तब भी विपक्ष की तरह काम करते हैं।÷

खार अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक देश की विदेश की विदेश मंत्री रहीं। वहीं, इमरान खान अगस्त 2018 में प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन, अप्रैल 2022 में अविश्वास मत के जरिए उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया गया था। इमरान खान अभी भ्रष्टाचार के मामले में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। खार ने इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और उनकी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का जिक्र किया और कहा कि आरोप-प्रत्यारोप की तुलना में सुलह बेहतर रास्ता है।

आठ फरवरी को पाकिस्तान में आम चुनाव के त्रिशंकु परिणाम सामने आए। जिसके दो हफ्ते बाद मंगलवार की रात पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने घोषणा की कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के शहबाज शरीफ एक बार फिर प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए साझा उम्मीदवार होंगे। खबर में खार के हवाले से कहा गया, मुझे उम्मीद है कि वह समय आएगा जब हम एक साथ होंगे और महसूस करेंगे कि आरोप-प्रत्यारोप की जगह सुलह कहीं बेहतर रास्ता है।

## निज्जर के करीबी सिमरनजीत के घर पर गोलीबारी मामले में दो युवक गिरफ्तार, कनाडाई पुलिस की जांच जारी

**ओटावा, 21 फरवरी 2024।** खालिस्तानी आंतकी हरदीप सिंह निज्जर के करीबी सहयोगी के घर के बाहर गोलीबारी की घटना के मामले में कनाडाई पुलिस ने कार्रवाई की है। जिसके तहत पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि इस घटना के लिए खालिस्तानी संगठन ने भारतीय एजेंसियों को दोषी ठहराया था।

### गोलीबारी मामले में पुलिस ने की कार्रवाई, जांच जारी




रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कहा कि निज्जर के करीबी सिमरनजीत सिंह के घर के बाहर एक फरवरी को गोलीबारी हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पुलिस ने कहा कि जांच में अभी तक विदेशी हस्तक्षेप की बात सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि आरोप लगाया जा रहा था कि इस घटना के पीछे विदेशी ताकत का हाथ है।

### मामले ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि जांच के चलते एक आवास पर छापेमारी की गई। जिसमें कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए, साथ ही आपत्तिजनक हथियार मिलें। जांच में तेजी लाते ही मामले से जुड़े दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीपीएमपी) ने कहा कि युवकों को फिलहाल जेल में रखा गया है, अगली कार्रवाई के लिए अदालत ने पेश किया जाएगा।

## 23 से 25 फरवरी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मैनपाट महोत्सव में शामिल होंगे पलक मुच्छल,अल्ताफ रजा, हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे जैसे देश के नामचीन कलाकार






### पूरे देश में अपनी मलखंब कला से दिल जीत चुके अबूझमाड़ मलखंब ग्रुप के बच्चे दिखाएंगे हुनर, साथ ही देखने को मिलेगा असली दंगल

### छत्तीसगढ़ी कलाकार आरू साहू सहित स्थानीय कलाकार भी बिखेरेंगे अपना जलवा,काईट फेस्टिवल,स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियों की रहेगी धूम

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

जिला प्रशासन सरगुजा द्वारा आयोजित भव्य मैनपाट महोत्सव 2024 में देश के नामचीन एवं स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के पहले दिन 23 फरवरी को प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक अल्ताफ रजा, मशहूर बॉलीवुड गायक रूपकुमार राठौर, हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे, अबूझमाड़ मलखम्भ समूह, गायिका आंचल मंदिलवार गायिका मनाली सांखला, नृत्यांगना रित्विका बैनर्जी सहित स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन 24 फरवरी को भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल, प्रसिद्ध गजल गायक कुमार सत्यम, छत्तीसगढ़ी गायिका आरु साहू, सम्बलपुर के दुलदुली डांस ग्रुप द्वारा पारम्परिक नृत्य प्रस्तुति, सहित स्थानीय कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। वहीं कार्यक्रम के अंतिम दिन 25 फरवरी को प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका पलक मुच्छल, संगीत निर्देशक पलाश मुच्छल, छत्तीसगढ़ी गायक संजय सुरीला, प्रसिद्ध गायिका स्तुति जायसवाल एवं गायक स्वप्निल जायसवाल, अमनदीप, सूफी गायक नासिर निन्दर सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा भी कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

महोत्सव के दौरान विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 23 फरवरी को ओपन बहुरूपिया प्रतियोगिता एकल एवं समूह दोनों श्रेणी में होगी, 24 फरवरी को ओपन कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच भिड़ंत होगी। वहीं प्रतिदिन तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

### विभिन्न गतिविधियां होंगी आकर्षक का केंद्र

महोत्सव स्थल पर विशाल मेला लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा, वहीं फूड जोन की भी उत्तम व्यवस्था होगी। एडवेंचर स्पोर्ट्स पैरासेलिंग, पैराग्लाइडिंग, कैम्पिंग, फैंसी पतंग उत्सव, बोटिंग आदि का भी आयोजन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन पर भाजयुमो सरगुजा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

### » मुख्यमंत्री के साठवें जन्म दिवस पर भाजयुमो सरगुजा ने किया 60 यूनिट रक्तदान

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**



सेवा से सुशासन के संकल्प को लेकर छत्तीसगढ़ को विकासपथ पर आगे बढ़ाकर स्वर्णिम इतिहास रचने के लिए सदैव प्रतिबद्ध यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के जन्मदिन पर भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सरगुजा द्वारा अंबिकापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिला अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने बताया की आज हमारे मुखिया माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का जन्मदिन है और आज के शुभ दिन के अवसर पर सेवा भाव के रूप में भाजयुमो सरगुजा द्वारा आज रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भाजयुमो के जिला पदाधिकारी एवं मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा रक्त दान का पुनीत कार्य किया गया है जिससे जरूरतमंद को मदद मिल सके।

साथ ही साथ दूसरो को भी रक्त दान के फायदे बताते हुए करने के प्रेरित किया। हर स्वस्थ व्यक्ति को कम से कम 6 माह में एक बार रक्त दान जरूर करना चाहिए जिससे जरूरतमंदो मदद होने के साथ ही शरीर में नए रक्तो का संचार हो सके।

इस बार रक्त दान शिविर में कई ऐसे रक्त दाता ऐसे भी रहे जिन्होंने प्रथम बार रक्त दान किया। रक्त दान महादान है इसलिए है क्योंकि रक्त किसी फैक्ट्री में नही बनता है उसे सिर्फ एक इंसान ही बना सकता है इसलिए रक्त दान बहुत ही जरूरी है।

रक्त दान शिविर में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला महामंत्री अंशुल श्रीवास्तव ,अमोघ कश्यप,अनिरुद्ध मिश्रा,मनीष दुबे,विकाश शुक्ला,श्री धर केशरी,हर्ष जयसवाल, विवेक सिंह,अनुराग शुक्ला,लप्पू कश्यप,दीपक यादव,रोहित कुशवाहा, संदीप यादव,सौरभ मिश्रा,मनीष सिंह, प्रिंस चौबे, लव दुबे,दीपू पांडे,भोलू सिंह सेंगर,बुधमोहम सिंह ,महेश्वर राजवाड़े,अतीश पांडे,रमेश यादव,इंद्रजीत राजवाड़े, पंचानन कुमार, विकाश मिंज, घरभरन, सूरज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा हेतु गोपनीय सामग्री का वितरण 23 फरवरी को

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2024 हेतु 75 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। कक्षा 10 वीं में 10097 एवं कक्षा 12वीं 8662 कुल पंजीकृत परीक्षार्थी हैं। परीक्षा हेतु गोपनीय सामग्री वितरण 23 फरवरी को निर्धारित की गई है। मंडल पार्टी द्वारा समन्वय संस्था शासकिय बहुद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर में प्रातः 10:00 बजे से गोपनीय सामग्री का वितरण संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष एवं प्राचार्य को किया जायेगा।

उन्होंने समस्त केन्द्राध्यक्ष एवं प्राचार्य को उक्त तिथि को परीक्षा हेतु गोपनीय सामग्री प्राप्त करने एक सहयोगी के साथ दो कुन्दों वाला 02 पेटी (ताला, चाबी के साथ) लेकर वितरण केन्द्र पर उपस्थित होने कहा है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की गोपनीय सामग्री अलग-अलग पेटी में रखकर थाने या चौकी में रखी जायेगी।

# श्री रामलला अयोध्या दर्शन टोली की बैठक संपन्न

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**




सरगुजा संभाग से 6 मार्च को रवाना होने वाले श्री रामलला अयोध्या दर्शन टोली के लिए यात्रा अभियान की रूपरेखा बनाई गई। संकल्प भवन भाजपा कार्यालय अंबिकापुर में श्री रामलला दर्शन योजना समिति के बिलासपुर संभाग प्रभारी ललित मखीजा, बस्तर संभाग प्रभारी वीरेंद्र श्रीवास्तव तथा सरगुजा संभाग प्रभारी रामलखन सिंह पैकरा के मुख्य आतिथ्य तथा एमसीबी जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी एवं भाजपा सरगुजा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता के आतिथ्य में बैठक संपन्न हुई।

अयोध्या राम मंदिर दर्शन अभियान के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वीरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि यह केवल अयोध्या यात्रा हीं नहीं अपितु संपूर्ण समाज के लिए जागृति का विषय है, देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने श्री रामलला के प्रति आस्था जताया है। उन्होंने बतौर जानकारी बताया कि संभाग के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र से दर्शन यात्रा के लिए 60 से 65 लोगों की सूची बनाई जाएगी, रेलवे के द्वारा दो महीनो में 430 स्थानों से आस्था स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी और इन स्पेशल ट्रेंस द्वारा लगभग 20 हजार राम भक्त अयोध्या पहुंचेंगे। स्टेशन पर लगभग 200 टॉयलेट की व्यवस्था की गई है लगभग 35000 वर्ग मीटर का रूप प्लाजा तैयार किया जा रहा है और पूरे देश के यात्रियों को 4 जोन में विभक्त किया गया है, उत्तरी जोन को लाल दक्षिणी को हरा पूर्वी को पीला और पश्चिमी जून को नीला कलर का कोड दिया गया है, इस प्रकार प्रत्येक राम भक्त की अपने जोन कलर कोड के अनुसार बैच और स्ट्रिप दिया जाएगा।

आगे उन्होंने बताया कि बैच में राम भक्त का पूरा विवरण रहेगा और प्रत्येक राम भक्त का एक कर कोड रहेगा और उसे कोड के कुछ स्टीकर रहेंगे जो अपने सामान और मोबाइल पर लगा सकता है, कॉल सेंटर तथा मेडिकल सेंटर भी बनाए जा रहे हैं, जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश को लगभग 20 ट्रेंस उपलब्ध कराई जाएगी।

बैठक को संबोधित करते हुए ललित मखीजा ने बताया कि भक्तों को अयोध्या में रामलला का दर्शन करा कर वापस लाने तक कार्यकर्ता उनके साथ रहेंगे, विभिन्न टोली के कार्यकर्ताओं द्वारा आधार कार्ड के अनुसार भक्तों की सूची बनाना, रेलवे टिकट करवाना, भक्तों को ट्रेन में बैठना, ट्रेन के अंदर की व्यवस्था देखना, अयोध्या में रहने, दर्शन और भोजन व्यवस्था का कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर श्री रामलला दर्शन योजना समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

CMYK

# गजब की राजनीति...कांग्रेस पार्षद की शिकायत पर प्रशासन रास्ते की भीड़ हटाने पहुंचा...भीड़ की शिकायत पर कांग्रेस पूर्व विधायक प्रशासन को घेरने पहुंची

**एक मामले को लेकर कांग्रेस पार्षद व कांग्रेस पूर्व विधायक हुए आमने-सामने**

**शहर की अव्यवस्था को कांग्रेस की पूर्व विधायक का समर्थन करना अपने ही पार्षद के खिलाफ जाकर कितना सही?**

**मुख्यालय बैकुंठपुर के हृदय स्थल व महलपारा रोड पर बाजार के दिन लोगों का आना-जाना दुभर हो जाता है अव्यवस्था हो जाती है उस अव्यवस्था का समर्थन करते दिखाई दीं कांग्रेस की पूर्व विधायक**



पार्षद के शिकायत पर रविवार को प्रशासन रास्ते की भीड़ हटाने पहुंचा



सोमवार को पूर्व विधायक रास्ते पर दुकान लगाने वाले के साथ प्रशासन का विरोध करने पहुंची तहसील कार्यालय पहुंची

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,21 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

रविवार के दिन बैकुंठपुर शहर में अव्यवस्था के मध्य कांग्रेस पार्षद की शिकायत पर प्रशासन महलपारा रोड में जोड़ा तालाब के पास रोड के किनारे बैठने वाले को हटाने के लिए दलबल के साथ पहुंचा और रास्ते को खाली भी कर दिया गहमागहमी के बीच अव्यवस्था पर काबू पा लिया गया, जिसकी सराहना की जा रही थी पर जिन लोगों की वजह से वहां पर अव्यवस्था फैलती थी वह कांग्रेस के पूर्व विधायक के पास पहुंचकर अपनी परेशानी बता दिए और जिस पर कांग्रेस की पूर्व विधायक अव्यवस्था का ही समर्थन करते देखी गई और उन्हीं लोगों के साथ पैदल मार्च करते हुए बैकुंठपुर तहसील कार्यालय पहुंच गई और उन्हें हटाए जाने का विरोध किया। जिसे लेकर तहसील कार्यालय में काफी भीड़भाड़ देखने को मिली वहीं प्रशासन ने कहा कि आपके ही पार्टी के पार्षद की शिकायत पर यह कार्यवाही की गई थी पर वहीं पार्षद व विधायक दोनों आमने-सामने हो गए और एक ही पार्टी के पार्षद व पूर्व विधायक एक राय नहीं दिखे और एक दूसरे का ही विरोध करते दिखे। पर सवाल सबसे बड़ा यह है कि आखिर अव्यवस्था से जहां लोग परेशान थे उस अव्यवस्था को दूर करने वाले प्रशासन का विरोध करना कांग्रेस के पूर्व विधायक के लिए कितना सहित था?

बताया जा रहा है की बैकुंठपुर शहर में हाट बाजार लगाने के लिए नगर पालिका ने काफी अच्छी व्यवस्था की हुई है। हाट बाजार के लिए शेड भी बने हुए हैं वहीं हाट बाजार में आकर सौदा बेचने वालों के लिए काफी खाली जगह भी उपलब्ध है जहां वह अपना सौदा बेच सकते हैं बैठकर लेकिन प्रतिदिन यह देखा जाता है की सौदा बेचने वाले गांव से आने वाले लोग मुख्य सड़क पर बैठ जाते हैं जो बैकुंठपुर से पोड़ी बचरा की सड़क है वहीं जो बिलासपुर से भी बैकुंठपुर को जोड़ती है साथ ही शहर के भी एक बड़े हिस्से के लिए जो आवागमन का मार्ग है। सड़क पर सौदा बैठकर बेचने वालों के कारण आए दिन सड़क पर जाम लग जाता है और आवागमन बाधित होता है। इसी सड़क पर मुख्य मार्ग पर नशीली एक मादक पेय का भी विक्रय होता है जैसा सूत्रों का कहना है। इसी अव्यवस्था और आवागमन में आने वाली बाधा को देखकर शहर के कांग्रेस पार्षद ने प्रशासन को सड़क पर सौदा बेचने बैठने वालों को हटाने और उनके लिए निश्चित की जगह पर ही सौदा बेचने पत्र लिखा जिसपर प्रशासन सक्रिय हुआ और उसने जाकर सड़क से ऐसे लोगों को हटाने का काम किया और उन्हे निर्धारित स्थल पर ही सौदा बेचने बैठने निर्देशित किया। प्रशासन की सक्रियता जो कांग्रेस पार्षद की शिकायत के बाद सामने आई के बाद जिन्हे हटाया गया वह पूर्व कांग्रेस विधायक के पास पहुंच गए और उन्हे मामले में हस्तक्षेप करने कहा वहीं बात बिना समझे मामले का पूरा ज्ञान लिए बिना ही पूर्व विधायक तहसील कार्यालय पहुंच गई और उन्होंने प्रशासन की कार्यवाही का विरोध कर दिया। उन्हे प्रशासन ने अवगत भी कराया की शिकायत कांग्रेस पार्षद की है और तभी कार्यवाही हुई है लेकिन पूर्व विधायक नहीं मानी और कार्यवाही को लेकर विरोध दर्ज करती रहीं। विरोध के दौरान शिकायत करने वाले कांग्रेस पार्षद भी मौजूद रहे और उन्होंने मामले में समस्या को समाने भी रखा लेकिन पूर्व विधायक अड़ी रही और प्रशासन की कार्यवाही को गलत बताती रहीं।



मंगलवार को फिर बैठने पहुंच गए सड़क पर व्यापारी..फिर प्रशासन पहुंची हटाने...फिर कांग्रेस पूर्व विधायक उनके सड़क से हटाए जाने का करती दिखी विरोध

### अपनी ही पार्टी के पार्षद से सामंजस्य का आभाव देखने को मिला पूर्व विधायक के रुख से

पूर्व विधायक जो कांग्रेस पार्टी से ही विधायक थीं ने उस मामले में प्रशासन को गलत ठहराया जो मामला कांग्रेस पार्षद की ही शिकायत से जुड़ा हुआ था। कांग्रेस पार्षद से सामंजस्य का साफ आभाव नजर आया पूरे मामले में। पूर्व विधायक को मामले में सबसे पहले पार्षद को विश्वास में लेना था शिकायत वापस लेने की बात उनसे करनी थी लेकिन उन्होंने ऐसा न करते हुए सीधे प्रशासन से ही भिड़ना उचित समझा और जा भिड़ीं। वैसे कांग्रेस पार्षद ने विषय से अवगत कराया जैसा बताया जा रहा है लेकिन पूर्व विधायक सहमत नहीं हुई जैसा सूत्रों का कहना है।

### मुख्य मार्ग पर बेची जाती है नशीली सामग्री,नशे के शौकीन भी सड़क पर लेते हैं नशे का मजा

बैकुंठपुर से पोड़ी बचरा के रास्ते बिलासपुर से शहर को जोड़ने वाली सड़क जिसके ही बगल में हाट बाजार स्थल है पर नशीली सामग्री जो तरल रूप वाली है बेची जाती है। नशे के शौकीन इसका मजा लेने सड़क पर बैठे विक्रेताओं के पास आते हैं और सड़क पर ही नशे का आनंद लेते हैं। सड़क कई बार इस वजह से भी बाधित होती है। कहीं न कहीं पार्षद की शिकायत भी यही थी लेकिन पूर्व विधायक मामले में हस्तक्षेप से पहले यह जानना जरूरी नहीं समझी की उन्हे मामले को समझना था क्योंकि यह एक सामाजिक बुराई को भी शहर से दूर करने का एक प्रयास था।

### क्या नशे का सामान बेचने वाले वालों के पक्ष में था पूर्व विधायक का समर्थन?

सूत्रों का कहना है की नशीला पेय सड़क पर बेचा जाता है खुलेआम और जिससे लोग भी प्रभावित हो रहे हैं और आसपास के बच्चों शहर के बच्चों पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ने का भय है क्योंकि यह बिना रोक टोक हो रहा है। पार्षद का भी अभियान माना जा रहा है की नशे की सामग्री बेचने पर प्रतिबंध लगाना था लेकिन पूर्व विधायक इस मामले में आपत्ति कर यह साबित कर गई की वह सड़क किनारे के विक्रेताओं के साथ हैं जिसमे नशीली सामग्री बेचने वाले भी शामिल हैं। अब सवाल यह उठता है की क्या पूर्व विधायक का ऐसे लोगों के प्रति समर्थन है जो सरेआम नशीली सामग्री बीच बाजार मुख्य सड़क पर बेच रहे हैं।

### साप्ताहिक बाजार छोड़कर अन्य दिन भी सड़क रहती है जाम,जबकि है बैठने और सौदा बेचने की पर्याप्त जगह

शहर में दो दिन साप्ताहिक बाजार का दिन होता है,उक्त दो दिवस बड़ी मात्रा में ग्राम वासी अपना सौदा बेचने शहर आते हैं और उस दिन कई सड़क जाम रहती है। अब दो सासाहिक बाजार दिवस छोड़कर यदि देखा जाए तो यह सड़क प्रतिदिन जाम रहती है क्योंकि कोई भी निर्धारित जगह पर जाकर सौदा बेचने तैयार नहीं है और सभी सड़क पर ही नजर आते हैं। ठेला गुमटी सहित सड़क पर ही बैठकर लोग सौदा बेचते हैं और मुख्य सड़क को जाम करते हैं जिससे आने जाने वालों को दिक्कत होता रहता है जाम लगता रहता है।

### यही हाल रहा तो सड़क ही बन जायेगा बाजार स्थल

शहर का यह सड़क यही हाल रहा तो बाजार स्थल बन जायेगा जिसका नुकसान दुकानदारों को होगा जो किराया देकर दुकान खोलकर बैठे हैं।

---

## महतारी वंदन योजना:हितग्राहियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से पहली बार मार्च माह में आएगी राशि

-संवाददाता-
सूरजपुर,21 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

महतारी वंदन योजना का प्रथम चरण 20 फरवरी को आवेदन करने का अंतिम तिथि था। आवेदनों के सत्यापन के उपरांत जल्द ही अंतिम सूची जारी की जाएगी। अंतिम सूची जारी करने के बाद दावा आपत्ति भी ली जाएगी। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद अंतिम सूची जारी की जाएगी। पहले चरण में जितने भी आवेदन आएंगे, उनके सत्यापन के बाद प्रथम बार डीबीटी के माध्यम से आधार लिंक बैंक खातों में मार्च माह की राशि, मार्च माह में ही वितरित की जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी पूरी करने जा रही है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ की पात्र विवाहित महिलाओं के खाते में प्रति माह एक हजार रूपए, इस प्रकार साल में 12 हजार रूपए अंतरित किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार अब तक 02 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके है। महतारी वंदन योजना के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कार्यवाही भी किये जा रहे है।

---

# सरोज,रणविजय,विकास या अनुराग,भाजपा जल्द करेगी टिकट की घोषणा

## कोरबा लोकसभा में अटकलों का बाजार गर्म,महंत परिवार के सामने मजबूत प्रत्याशी होगा पार्टी की पसंद









-संवाददाता-
कोरिया/कोरबा 21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

यदि सब कुछ ठीक रहा तो भारतीय जनता पार्टी बहुत जल्द लोकसभा चुनाव हेतु अपनी पहली सूचि जारी कर सकती है,इस सूचि में कोरबा लोकसभा सीट पर भी प्रत्याशी की घोषणा होने की संभावना है। पार्टी नेतृत्व ने पिछले दो वर्ष से इस लोकसभा को टार्गेट करते हुए अपना काम शुरू किया है,उम्मीद जताई जा रही है कि कांग्रेस की ओर से इस बार भी महंत परिवार ही उम्मीदवार होगा जबकि इसकी तुलना में भाजपा यहां मजबूत प्रत्याशी की तलाश में है,कयास है लगाया जा रहा है कि भाजपा की सशक्त महिला नेतृत्व और राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय जिनका कार्यकाल लगभग समाप्ति की ओर है, उन्हे कोरबा लोकसभा सीट से मैदान में उतारा जा सकता है। यह पार्टी का मास्टर स्ट्रोक होगा और यदि इनके नाम पर सहमति नही बनती है तो फिर पूर्व राज्यसभा सदस्य राजा रणविजय सिंह,भाजपा प्रदेश मंत्री विकास महतो या फिर बिलासपुर संभाग प्रभारी अनुराग सिंहदेव में से पार्टी किसी को भी उम्मीदवार बना सकती है,ऐसा भाजपा सूत्रों का कहना है।





### केन्द्रीय नेतृत्व लेगा सरोज पांडेय पर फैसला

कोरबा लोकसभा में इस बार भाजपा की वरिष्ठ महिला नेत्री और वर्तमान में राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का नाम तेजी से उभरा है,इस बात से और बल मिलता है कि खत्म होते कार्यकाल के बाद भी केन्द्रीय नेतृत्व ने उन्हे राज्यसभा नही भेजा। सरोज पांडेय का सीधा संपर्क केन्द्रीय नेतृत्व से है,वे पार्टी के विभिन्न पदों पर ईमानदारी पूर्वक काम कर चुकी हैं,प्रदेश की गुटीय राजनीति से दूर फिलहाल वे केन्द्रीय स्तर पर ही काम कर रही है। प्रदेश नेतृत्व उनके नाम पर विचार करने की स्थिति में नही है,राष्ट्रीय नेतृत्व पर अपना विश्वास बना चुकी सरोज पांडेय एक बड़ी नेत्री के रूप में स्थापित हैं,उन्हे लोकसभा चुनाव लड़ाया जाए या नही यह सिर्फ और सिर्फ केन्द्रीय नेतृत्व ही तय करेगा लेकिन इसकी पूरी संभावना बन रही है कि उन्हे कोरबा लोकसभा से चुनाव लड़ाया जा सकता है। पार्टी का भरोसेमंद चेहरा होने के कारण महंत परिवार के खिलाफ वे यदि चुनाव लड़ती हैं तो फिर भाजपा यहां से जीत का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। यह बात भी है कि कोरबा लोकसभा से वर्तमान में दर्जन भर से अधिक दावेदार दिखलाई दे रहे हैं लेकिन उनमें से महंत परिवार के आगे जीतने लायक स्थिति में एक भी दावेदार नही है,पार्टी इस बार कोरबा लोकसभा चुनाव हर हाल में जीतना चाहती है और इसके लिए काफी पहले से रणनीति तैयार की गई है।

### रणविजय भी हो सकते हैं पार्टी की पसंद

जशपुर राज परिवार से संबंध रखने वाले पूर्व राज्यसभा सदस्य रणविजय सिंह जूदेव भी कोरबा लोकसभा सीट से उम्मीदवार के रूप में सामने आ सकते हैं,जूदेव ब्रांड को प्रदेश में किसी परिचय की जरूरत नही है,गत विधानसभा चुनाव में जूदेव परिवार से प्रबल प्रताप सिंह एवं श्रीमती संयोगिता सिंह को मैदान में उतारा गया था लेकिन संयोगवश दोनो की हार हुई। तों वही जशपुर जिले में चुनाव जीताने हेतु केन्द्रीय नेतृत्व ने रणविजय सिंह को जिम्मेदारी दी थी,केन्द्रीय नेतृत्व के भरोसे पर रणविजय सिंह पूरी तरह खरे उतरे और तीनों सीट पर जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसके बाद से पार्टी में उनका कद भी बढा है,विश्वस्त सूत्रों का कहना है वर्तमान में राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह को पार्टी ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है उसमें रणविजय सिंह जूदेव की भूमिका अहम है। देवेन्द्र प्रताप सिंह रायगढ के पूर्व गोड़ शाही परिवार के वशंज हैं,वे वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य है। भाजपा ने इन्हे प्रत्याशी बनाकर अपने फैसले पर सभी को चैकाया था। रणविजय सिंह जूदेव की कोरबा लोकसभा क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान है,वे किसी गुट से संबंध नही रखते और सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं उनके समर्थक भी चाहते हैं कि इस बार उन्हे कोरबा लोकसभा से उम्मीदवार बनाया जाए। संभावना है कि महंत परिवार के खिलाफ उन्हे चुनाव मैदान में उतारा जाए,प्रदेश नेतृत्व को भी उनके नाम पर परहेज नही होगा। पूर्व में भी उन्होने लोकसभा हेतु दावेदारी की थी लेकिन उन्हे राज्यसभा भेज दिया गया था अब एक फिर वे लोकसभा के लिए तैयार हैं ऐसा सूत्रों का कहना है।

### विकास महतो दावेदारी में सबसे आगे

कोरबा लोकसभा से पूर्व सांसद स्व. डॉ.बंशीलाल महतो के पुत्र विकास महतो इस बार कोरबा लोकसभा में प्रमुख दावेदारों में से एक हैं पूरे लोकसभा क्षेत्र में उनका प्रचार प्रसार चल रहा है, विभिन्न राजनैतिक कार्यक्रम में उनकी सक्रियता बनी हुई है। विकास महतो पूर्व में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के साथ साथ रायगढ जिले के सह प्रभारी रहे हैं, वर्तमान में उन्हे प्रदेश मंत्री बनाया गया है। 2018 में उन्हे कोरबा विधानसभा से प्रत्याशी बनाया गया था हलांकि कड़ी टक्कर में उन्हे हार का सामना करना पड़ा था इसके बावजूद उनकी राजनैतिक पकड़ कम नही हुई और कोरबा लोकसभा क्षेत्र में उन्हे खुद को स्थापित किया । प्रदेश नेतृत्व में मजबूत पकड़ के लिए भी उन्हे जाना जाता है,पूरे कोरबा लोकसभा में उनके समर्थक भी मौजूद हैं। दावेदारी के क्रम में आगे दिखते हुए वे टिकट के लिए प्रयासरत हैं संभावना है कि प्रदेश नेतृत्व से निकट संबंध के कारण उन्हे टिकट मिल जाए लेकिन यह भी सच है कि इस लोकसभा में उनके व्यक्तिगत विरोधी नेताओं की संख्या भी कम नही है। बीते एक दशक में कार्यकर्ताओं से दूरी के कारण उन्हे थोडी परेशानी हो सकती है। हलांकि कुशल प्रबंधन में माहिर विकास महतो इन सभी मुद्दो को निपटाने में भी सक्षम हैं।

### सरगुजा के अनुराग को कोरबा ला सकती है पार्टी

तीन नेताओं के बाद चैथे क्रम में एक नाम प्रदेश स्तर पर तेजी से कोरबा लोकसभा हेतु सुनने को मिल रहा है,वह हैं सरगुजा के अनुराग सिंहदेव। पार्टी में काफी समय से सक्रिय अनुराग सिंहदेव को पार्टी ने हाल ही में बिलासपुर का प्रभारी बनाया है,राजनैतिक रूप से परिपक्क अनुराग सिंहदेव भी भरोसेमंद हो सकते हैं,कोरिया जिले में वे लंबे समय से सक्रिय हैं,उनके समर्थक भी इस क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में हैं। गत दो तीन वर्षो से पार्टी के लिए उन्होने बहुत ज्यादा समय दिया है। संभावना है कि पार्टी सरगुजा के अनुराग सिंहदेव को कोरबा लोकसभा से उम्मीदवार बना सकती है।

### चैकाने वाले नाम भी आने की संभावना

भाजपा इन दिनों अपने चैकाने वाले फैसले लेने मे आगे है,बीते विधानसभा चुनाव से लेकर अब तक कई फैसले केन्द्रीय नेतृत्व ने इस प्रकार लिये हैं जिससे कि कोई भी कुछ कहने से बचता रहता है। पार्टी का खुफिया तंत्र भी अत्यधिक सक्रिय है,कौन जीताउ उम्मीदवार होगा कौन नही इस बात का सर्वे पार्टी नेतृत्व हर रोज करा रहा है,संभावित प्रत्याशियों की पूरी कुंडली भी बनाई गई है जैसा सूत्रों का कहना है। पार्टी कोरबा लोकसभा में इस बार कोइ भी रिस्क नही लेना चाहती इसलिए इस बार इस सीट पर पर भी चैकाने वाले नाम यदि आ जाएं तो कोई आश्चर्य नही होगा।

# छः माह बीतने के बाद भी नहीं हुआ नगर पालिका परिषद की बैठक:अन्नपूर्णा

## 60 दिन में परिषद की बैठक का नियम 180 दिन में भी नहीं बुलाई गयी,थमा विकास वार्ड पार्षद परेशान

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 21 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के नेता प्रतिपक्षअन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने परिषद कि बैठक कराने के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षण करवाते हुए माग की है। नगरपालिका अधिनियम की धारा 51 में नियम 8 के तहत हर 60 दिन में कम से कम एक बैठक बुलाने या कैलेंडर वर्ष में कुल 6 बार बैठक होना चाहिऐ, मगर यहां पर इन नियमों को दर किनार कर दिया गया है। राज्य सरकार के नगरपालिका अधिनियम में साफ तौर पर आदेश है कि नगरीय निकाय की बैठक हर दो महीने में एक बार होना चाहिए, बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद की बैठक लगभग छः महीने से नहीं हुई है। जबकि हर 2 महीने के अंतराल मे परिषद का विशेष सम्मेलन बुलाने का नियम है। लेकिन बैठक न होने की वजह से शहर में कई विकास कार्यो को जहां मंजूरी नहीं मिल पा रही है। कई निर्माण कार्य अटके हैं। इसके बावजूद नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के सीएमओ पार्षदों का विशेष सम्मेलन को बुलाने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे है परिणाम स्वरूप शहर के विकास की योजनाओं पर चर्चा नहीं हो पा रही है। नगर पालिका अधिनियम के तहत निकायों को प्रत्येक 60 दिन के अंतराल मे निर्वाचित पार्षदों का सम्मेलन बुलाना होता है। वहीं इस संबंध मे नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कहा कि बैठक बुलाने की जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की है। उन्हें समय-समय पर बैठकें आयोजित कराना चाहिए, नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कहा है कि परिषद के विशेष सम्मेलन का पार्षदों को बेसब्री से इंतजार है। इसका कारण यह है कि एक ओर पिछ्ली बैठक में स्वीकृत कार्य जहां शुरू नहीं हो पाने से उनमें आक्रोश है। परिषद की बैठक सीएमओ को बुलाना चाहिए, शहर के जनसमस्याओं व विकास कार्यो के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी परिषद ने अपने कामकाज को सुचारू तथा विकेन्द्रीकृत करने के उद्देश्य से कमेटियों का गठन कर इनका अध्यक्ष पार्षदों को बनाया है, लेकिन अधिकांश कमेटियों की बैठक भी समय पर नहीं होने की शिकायत बनी है। जिससे शहर का विकास रूक सा गया है बहुत सारे पुराने काम जो रुके हुए हैं और नये कामो का मंजूरी मिल चुका है वह भी कार्य चालू नहीं हो रहे हैं कई महीनो से पार्षदों कर्मचारियों का मानदेय नहीं मिला है पार्षद अपनी वार्डों की विकास को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं कई काम ऐसे हैं जो परिषद के बैठक में मंजूरी मिलने के बाद ही संभव है वार्ड ,नगर भ्रमण के दौरान पार्षदों से गणमान्य नागरिकों के द्वारा समस्या बताई जाती है और निराकरण करने के लिए कहा जाता है।



## व्यापम ने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षाओं की संभावित तिथि जारी की


-संवाददाता-
सूरजपुर,21 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

छतीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) ने राज्य के विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एवं विषयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की संभावित तिथियां जारी कर दी है। तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, एनसीईआरटी तथा कृषि विभाग के शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विभिन्न व्यावसायिक विषयों में प्रवेश के लिए व्यापम मई एवं जून माह में परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्री. एम.सी.ए. एमसीए 24 तथा एम.एससी. नर्सिंग एमएससीएन 2024 में प्रवेश के लिए परीक्षा की संभावित तिथि 30 मई 2024 रखी गई है। इसी तरह प्री. बीएड, प्री. डीएलडी, के लिए 2 जून 2024, पीईटी एवं पीपीएचटी के लिए परीक्षा की संभावित तिथि 6 जून 2024 होगी। बीएससी नर्सिंग, प्री बीए बीएड, प्री बीएससी बीएड के लिए 13 जून, पीएटी/पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 16 जून तथा पीपीटी प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 23 जून 2024 है।




उक्त प्रवेश परीक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि, सुधार की तिथि एवं परीक्षा का समय व्यापम के वेबसाईट पर बाद में घोषित किए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

## छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत मतदान के लिए किया गया जागरूक







-संवाददाता-
सूरजपुर, 21 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

जिला प्रशासन कार्यालय कलेक्टर रोहित व्यास और जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदनी साहू के दिशा निर्देश में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरवरगंज के प्रांगण से माध्यामिक शाला चौक तक विशाल साइकिल रैली एवं शपथ का आयोजन विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत मतदान के लिए सभी लोगों को जागरूक करते हुए एक विशाल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान को लोकसभा चुनाव के तहत शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया, इस कार्यक्रम का संचालन लता बेक स्वीप नोडल अधिकारी, सहायक नोडल जयराम प्रसाद (बीपीओ), यशोदा सोनी, सुदर्शन दास, अखिलेश कुमार यादव, अजय देवांगन एव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरवरगंज के प्राचार्य के.पी.कुजूर जन शिक्षक कीर्ति कौशल दुबे स्कूल के सभी शिक्षक गण इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी की सुविधा होगी उपलब्ध



-संवाददाता-
सूरजपुर, 21 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर रोहित व्यास के पहल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन के शत प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों ( भैयाथान, ओड़गी, प्रतापपुर, रामानुजनगर) में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ की जा रही है। सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना के अंतर्गत सभी चिन्हांकित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को गर्भवती माताओं का निशुल्क सोनोग्राफी की जायेगी। जिससे गर्भवती माताओं, बच्चों की जांच में आसानी होगी। शासकीय संस्थाओं में सोनोग्राफी सेंटर प्रारंभ होने से मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा उच्च जोखिम गर्भवती एवं गर्भस्थ शिशु में जन्मजात विकृति की पहचान करने तथा यथोचित उपचार करने में सुविधा होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी मशीनों का ऑनलाइन पी.सी.पी.एन.डी.टी. पोर्टल के माध्यम से पंजीयन किया गया है। इससे जिले के गर्भवती माताओं को अत्यधिक लाभ मिलेगा एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत महिलाओं को समय के बचत के साथ-साथ नि शुल्क सोनोग्राफी की सुविधा प्राप्त होने से आर्थिक हानि होने से बचा जा सके। उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जिले के निजी सोनोग्राफी सेंटरों में कार्यरत चिकित्सकों द्वारा सोनोग्राफी की सुविधा प्रदान की जायेगी।

## प्रवासी श्रमिकों की सहायता के लिए पांच राज्यों में बनाए जाएंगे ''मोर चिन्हारी भवन''

-संवाददाता-
कोरबा, 21 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



श्रम मंत्री देवांगन ने बताया कि दूसरे राज्यों में प्रवास करने वाले छत्तीसगढ़ के श्रमिकों के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए वहां ''मोर चिन्हारी भवन'' की स्थापना की जाएगी। पहले चरण में पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, गुजरात और महाराष्ट्र में जहां राज्य के श्रमिक अधिक संख्या में प्रवास करते हैं, मोर चिन्हारी भवन बनाए जाएंगे। इसके माध्यम से प्रवासी श्रमिकों को समय-समय पर सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा,साथ ही उन्होंने बताया की पंजीकृत श्रमिक परिवारों के बच्चों को उत्कृष्ट निजी शालाओं में निःशुल्क पढ़ाने के लिए शीघ्र नई योजना प्रारंभ की जाएगी एवं पंजीकृत श्रमिकों के द्वारा आर्थिक गतिविधि के लिए बैंक से लिए गए ऋण पर लगने वाले ब्याज में अनुदान देने की भी योजना जल्दी शुरू की जाएगी। इससे श्रमिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे और वे स्वयं मालिक बनने की दिशा में अग्रसर हो सकेंगे।

## दूरस्थ इलाके में संयुक्त टीम द्वारा रोका गया बाल विवाह





-संवाददाता-
सूरजपुर,21 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर बाल विवाह लगातार रोके जा रहे है। जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम बाल विवाह रोकने हेतु तैनात है। टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचना प्राप्त हुई कि जिले के ओड़गी विकासखंड के दूरस्थ ग्राम सांवारावां में एक नाबालिग बालिका का बाल विवाह हो रहा है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेस सिंह सिसोदिया को इसकी जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर तत्काल संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह रोकने हेतु ग्राम सांवारांवा आंगनबाडी कार्यकर्ता को भेजकर उम्र सत्यापन करने पर पता चला कि बालिका का उम्र 17 वर्ष 10 माह 25 दिन हुआ है। बालिका का 18 वर्ष होने में 01 माह 05 दिन शेष है। बालिका एवं उसके परिजनों को समझाइस दी गयी। बाल विवाह केवल एक अभिशाप ही नहीं बल्कि अपराध भी है। लडकी यदि 18 वर्ष से एक दिन भी कम रहने पर विवाह होने से वो अपराध हो जाता है। इसलिए बाल विवाह ना करें। समझाइस पर परिजन एवं बालिका भी विवाह नहीं करने पर राजी हुए। साथ ही फोन कर लड़के पक्ष को भी इसकी सूचना दी गई। सभी के सहमत होने से पंचनामा एवं कथन की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

**न्यायालय, तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छत्रपाल पासवान स्व0 रामचन्द्र पासवान निवासी दर्रीपारा अम्बिकापुर थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (पिता) स्व0 रामचन्द्र पासवान आ0 स्व0 जगदेव पासवान की दिनांक 10/04/1995 को स्थान दर्रीपारा अम्बिकापुर में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवश तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

(सील) तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा छ0ग0

## 'सजग कोरबा' के तहत होटल,लॉज,फेरी करने वाले, किराएदार और संदिग्ध व्यक्तियों की गई जांच




-संवाददाता-
कोरबा 21 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत होटल, लॉज, फेरी करने वाले, किराएदार और संदिग्ध व्यक्तियों का जांच अभियान चलाया गया । जिसके अंतर्गत पुलिस टीम के द्वारा होटल लॉज मैं रुकने वाले व्यक्तियों की सूची बनाकर थाने में विधिवत तरीके से दिया जाए और अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में रुके हुए हो तो उसकी जानकारी भी तुरंत नजदीकी थाने में दिया जाए। इसके साथ पुलिस टीम के द्वारा शहर के चौक चौराहा में एवं कॉलोनी के अंदर घूम कर फेरी करने वाले व्यक्तियों को चेक किया गया और उनसे जानकारी भी लिया गया कि उन्होंने थाने में जाकर मुसाफिरी दर्ज कराया है कि नहीं एवं उनका पहचान पत्र के आधार पर उनके नजदीकी थाना में संपर्क कर उनके बारे में जानकारी भी लिया गया। पुलिस ने मकानों में रहने वाले मकान मालिकों/ किरायेदारों का सत्यापन किया और किराएदारों की सूची तैयार की गई। सत्यापन कार्य में लगे पुलिस के द्वारा किरायेदारों के आईडी लेकर चेक किये और उनके कामकाज की जानकारी लिया गया तथा उन्हें अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश दी गई है । पुलिस की टीम के द्वारा बताया गया कि मकान मालिक की व्यक्तिगत जवाबदारी है कि वह थाने में किराएदार की सूचना दें। उन्होंने मकान मालिकों को हिदायत दिए कि वे मकान किराये पर देने से पूर्व अनिवार्य रूप से किराएदार का पुलिस वेरिफिकेशन कराए । अगर कोई मकान मालिक नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। कोरबा पुलिस की अपील है कि सभी अपने किराएदार और नौकरों का संबंधित थाने में जाकर अनिवार्य रूप से वेरिफिकेशन अवश्य कराएं । पुलिस टीम के द्वारा थाने में पार्षदों एवं ठेकेदारों की मीटिंग लिया गया, जिसमें पार्षदों को बताया गया कि आपके क्षेत्र में मकान मालिक के घर पर किराएदार रखने पर उसका सत्यापन आवश्यक रूप से करवा ले एवं संदिग्ध लोग दिखे तो उसके बारे में पुलिस टीम को सूचित किया जाए । मीटिंग में ठेकेदारों को बताया गया कि आप अपने अंदर मजदूरों को काम पर रखने से पहले उनकी जांच पड़ताल कर ले अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध लगे तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार एक्का आ0 भउवा जाति उरांव निवासी लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 600 रकबा 0.049 हे0 में से 0.044 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र, ले-उआट, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 02/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के मश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी रा.
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202402020700165**

विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2023-2024

जगदिशपुर प.ह.न. 00025 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-लालू ,
अनावेदक पक्षकार- लालू, चन्दन, सुंदरा, रिझन, रामसाय, बहालीराम, बहादुर, लुगरी, जुगना, टुनु, सुन्दरी, देवमुनिया, मनमतिया बाई, रूकमेन, वनकी, वेन्दी, समल, करमेन, पिता धुपन, कृष्णा, सुखमेंन, तिलोरसाय, ज्ञानप्रसाद, ध्यानसाय

**ईश्तहार**

आवेदक लालू पिता रतन व अन्य, निवासी ग्राम जगदीशपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम जगदीशपुर स्थित कुल खसरा नंबर 8 कुल रकबा 1.238 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 रामकुंवर, स्व0 जुगना, स्व0 रूकमेंन, स्व0 बनकी, स्व0 तिलार साय का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/03/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/02/2024 को जारी किया जाता है।

(सील) तहसीलदार
तहसील अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0**

रा0प्र0क्र0 /अ-20(1)/2022-23

**ईश्तहार**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन राजस्व प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 04-07/सात-01/2016 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 11.09.2019 एवं क्रमांक एफ -4-7/सात-1/2019 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 26.10.2019 में दिये गये प्रावधान अनुसार आवेदक राजेश जैन आ0 पूनम चंद नाहटा निवासी मोहल्ला नवापारा नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 गैर रियायती दर प्रदत्त पट्टे की भूमि मोहल्ला नवापारा नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भूमि भूखण्ड क्रमांक 1/15 रकबा 392 वर्गमीटर भूमि को गैर रियायती दर पर प्रदत्त पट्टे की भूमि है, को भूमि स्वामी हक में परिवर्तन हेतु अस्थाई/स्थाई नजूल पट्टा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 11/03/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अल्काराज को टखने में लगी चोट,दो गेम के बाद हुए रिटायर

**रियो डी जेनेरो,21 फरवरी 2024 ।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज़ को थियागो मोंटेइरो के खिलाफ रियो ओपन के शुरुआती मैच के दौरान केवल दो अंक के बाद टखने में चोट लग गई। उन्होंने मैच जारी रखने के प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर बाद वह रिटायर हो गए।फोरहैंड रिटर्न मारने के बाद अल्काराज़ कोर्ट के सेंटर में पीछे की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान मोंटेइरो के रिटर्न को खेलने के प्रयास में स्पेनिश खिलाड़ी ने अपने मोमेंटम को रोकने के लिए अपना दाहिना पैर अड़ाया, लेकिन उसका दाहिना टखना बुरी तरह मुड़ गया और वह पीठ के बल जमीन पर गिर गये। अल्काराज ने कहा, कल मैं अपने टखने की जाँच कराऊँगा और देखूंगा कि यह कुछ गंभीर है या नहीं। मुझे दर्द महसूस हो रहा था। मैं ठीक से चल नहीं पा रहा था, और मुझे पता था कि इसे जारी रखना असंभव होगा। मैंने सोचा कि अगर मैं इतने लंबे मैच खेलता रहा तो स्थिति और खराब हो जाएगी और इसीलिए मैंने (मैच से) रिटायर होने का फैसला किया।



### इंग्लैंड के लिए भारत से बराबरी करना चुनौतीपूर्ण होगा : ग्रीम स्मिथ

**नई दिल्ली,21 फरवरी 2024 ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भारत के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में अपनी संभावनाओं के बारे में इंग्लैंड को आगाह करते हुए कहा है कि अगर मेजबान टीम आगे निकल गई तो उन्हें पकडऩा मुश्किल होगा। सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद इंग्लैंड को लगातार अगले दो मैचों में हार झेलनी पड़ी। इस तरह इंग्लिश टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पीछे है।भारत में खेलने की अपनी पसंदीदा शैली पर कायम रहने और अपने प्रतिद्वंद्वी को अपनी चालों पर विचार करने के लिए मजबूर करने के लिए बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम की प्रशंसा करते हुए, अब क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक स्मिथ ने आगाह किया कि आगे चलकर भारत से बराबरी करना चुनौतीपूर्ण होगा।



# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा

» यशस्वी जायसवाल ने लगाई 14 स्थानों की लंबी छलांग

» रोहित-जडेजा को भी हुआ फायदा

**नई दिल्ली,21 फरवरी 2024 ।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस टेस्ट सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच में भारत ने 432 रन की विशाल जीत हासिल कर सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई।राजकोट टेस्ट के बाद आईसीसी ने ताजा रैंकिंग जारी की, जिसमें टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को तीसरे टेस्ट में लगातार दो दोहरा शतक जड़ने का फायदा हुआ। यशस्वी ने टेस्ट रैंकिंग में 14 स्थानों की लंबी छलांग लगाते हुए 15वां स्थान हासिल कर लिया। उनके अलावा बेन डकेट और भारत के कप्तान रोहित शर्मा को भी तगड़ा फायदा हुआ है। दरअसल, आईसीसी द्वारा जारी की गई ताजा टेस्ट रैंकिंग में पहले स्थान पर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन का नाम है, जिनकी रेटिंग 893 की हो गई है। वहीं, दूसरे नंबर पर स्टीव स्मिथ का नाम हैं, जिनकी रेटिंग 818 की है। तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल मौजूद हैं, जिन्हें एक स्थान का फायदा हुआ। वहीं पाकिस्तान के बाबर आजम को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। उनकी रेटिंग 768 की है। जो रूट पांचवें स्थान पर पहुंच गए है। उनकी रेटिंग 766 की हो गई है।भारतीय टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 14 स्थानों की लंबी छलांग लगाकर 15वां स्थान हासिल कर लिया। राजकोट टेस्ट में लगातार दो दोहरा शतक जड़ने के बाद यशस्वी को बड़ा इनाम मिला है। उनके अलावा स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा,जिन्हें राजकोट टेस्ट में गेंद और बल्ले से धांसू प्रदर्शन करने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया था। उन्होंने भी टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में 41वें स्थान से 34वें स्थान पर पहुंच गए है। राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ जडेजा ने पहली पारी में 112 रन बनाए थे। इसके साथ ही उन्होंने 7 विकेट हॉल लेकर बॉलिंग टेस्ट रैंकिंग में 3 स्थान की छलांग लगाई। आर अश्विन ने अपने टेस्ट करियर में 500 विकेट पूरे कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।



### रोहित शर्मा को हुआ एक स्थान का फायदा, कोहली टॉप 10 में शुमार

इनके अलावा टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को एक स्थान का फायदा हुआ। रोहित 732 रेटिंग के साथ 12वें पायदान पर पहुंचे हैं, लेकिन टॉप-10 में आने के लिए उन्हें 2 स्थान ऊपर आने की जरूरत है। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने टेस्ट सीरीज पर्सनल कारणों के चलते नहीं खेली, वह अभी भी टेस्ट रैंकिंग में टॉप 10 बैटर्स की लिस्ट में है। किंग कोहली टेस्ट बैटर्स की रैंकिंग में 7वें पायदान पर हैं। वहीं, डेब्यूटेंट सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने 75वें और 100वें क्रमशः स्थान हासिल किया।

## सुयश जाधव ने पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई एस 7 श्रेणी में 2024 पेरिस पैरालंपिक कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली,21 फरवरी 2024 ।** भारतीय पैरा तैराक सुयश जाधव ने पिछले एशियाई पैरा खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन से बुधवार को पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई एस7 श्रेणी में 2024 पेरिस पैरालिंपिक कोटा हासिल किया। एशियाई पैरा खेलों में उनके 32.22 सेकंड के शानदार समय ने पैरा तैराक को पेरिस में मेगा इवेंट में अपना स्थान पक्का करने में मदद की। भारत के तैराक और एथलीट सुयश जाधव ने 2024 सपैरालिंपिक के लिए पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई स7 श्रेणी में कोटा हासिल करके इसे पूरी तरह से तोड़ दिया है! एशियाई पैरा खेलों में 32.22 सेकंड के उनके अविश्वसनीय समय ने न केवल %ए% पूरा किया। क्वालीफाइंग मार्क लेकिन मेगा इवेंट के लिए अपना स्थान भी सुरक्षित कर लिया! आगे बढ़ें, सुयश! आपने हम सभी को गौरवान्वित किया है, ÷भारतीय खेल प्राधिकरण ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर लिखा।



2015 में, सुयश, जो एस7 श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हैं, 2016 पैरालिंपिक के लिए ए क्वालीफाइंग मार्क हासिल करने वाले और रियो जाने वाले एकमात्र भारतीय पैरा तैराक थे। सात साल बाद, 2023 में सुयश अक्टूबर 2023 में हुए हांग्जो - एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय तैराक थे। अब खेल में एक अनुभवी, सुयश एकमात्र तैराक थे जिन्हें माननीय से बातचीत करने का मौका मिला। सुयश ने अपने पिता, जो स्वयं एक राज्य स्तरीय तैराक थे, द्वारा प्रोत्साहित किए जाने के बाद तीन साल की छोटी उम्र में तैराकी शुरू की। हालाँकि, एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में सुयश ने करंट लगने के कारण अपनी दोनों हथेलियाँ और कलाइयाँ खो दीं। दुर्घटना के दो साल बाद इस युवा खिलाड़ी की तैराकी की चाहत उन्हें प्रशिक्षण की ओर वापस ले आई और फिर उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 2015 में जाधव ने रूस के सोची में आईडब्ल्यूएएस विश्व खेलों में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता और जल्द ही वह रियो में 2016 पैरालिंपिक के लिए ए क्वालीफाइंग मार्क दर्ज करने वाले पहले भारतीय पैरा तैराक बन गए। 2018 में, जकार्ता एशियाई पैरा खेलों में, उन्होंने तीन पदक जीते, जिसमें 50 मीटर बटरफ्लाई में एक स्वर्ण और 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले और 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में एक कांस्य शामिल था। 2016 की उपलब्धि एक बार फिर 2021 में दोहराई गई जब सुयश ने एक बार फिर टोक्यो पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई किया और वैश्विक आयोजन में भारत के केवल दो तैराकों में से एक थे।

## डब्ल्यूपीएल 2024 : कनिका और काशवी टूर्नामेंट से बाहर

**बेंगलुरु,21 फरवरी 2024 ।** काशवी गौतम और कनिका आहूजा चोट के कारण महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल 2024) से बाहर हो गई हैं। काशवी डब्ल्यूपीएल लीग की सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। दोनों ही खिलाडिय़ों के रिप्लेसमेंट की घोषणा हो गई है। डब्ल्यूपीएल गवर्निंग काउंसिल ने एक बयान में कहा कि गुजरात जायंट्स ने डब्ल्यूपीएल 2024 प्लेयर ऑक्शन में 2 करोड़ रुपये में काशवी को जोड़ा था।उन्होंने अब काशवी की जगह 10 लाख रुपये के बेस प्राइस पर मुंबई की सयाली सथगरे को रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में शामिल किया है। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि काशवी अपने बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रैक्चर से पीड़ित थी और अपनी राज्य टीम चंडीगढ़ के लिए अंडर-23 महिला एक दिवसीय अभियान से चूक गई थी।

काशवी भारत ए' टीम की सदस्य थीं जिसने पिछले साल हांगकांग में इमर्जिंग महिला एशिया कप का खिताब जीता था।



दूसरी ओर, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने कनिका के प्रतिस्थापन के रूप में महाराष्ट्र की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज श्रद्धा पोखरकर को नामित किया है। श्रद्धा को 10 लाख रुपये की रिजर्व प्राइस पर साइन किया गया है।

गुजरात जायंट्स 2023 में डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन संस्करण में अंतिम स्थान पर रही। इस सीजन टीम 25 फरवरी को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने आगामी सीजन की शुरुआत करेगी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपने डब्ल्यूपीएल 2024 सीजन् की शुरुआत तब करेंगे जब वे 24 फरवरी को उसी स्थान पर यूपी वारियर्स का सामना करेंगे।

## राजकोट में बुरी तरह आउट होने के बाद रूट को - बैजबॉल दृष्टिकोण छोड़ देना चाहिए : इयान चैपल

**नई दिल्ली,21 फरवरी 2024।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान इयान चैपल का मानना है कि तीसरे टेस्ट में रिवर्स रैंप शॉट पर आउट होने के बाद जो रूट को बैज़बॉल' दृष्टिकोण छोड़ देना चाहिए और अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिए।

रूट का संघर्ष, विशेष रूप से तीसरे टेस्ट में भारत के हाथों इंग्लैंड की 434 रनों की करारी हार से उजागर हुआ जो 1934 के बाद से रनों के मामले में उनकी सबसे बड़ी हार है।

तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड का स्कोर 224-2 था, जिसमें बेन डकेट 141 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, रूट 18 रन पर बल्लेबाजी करते हुए 40वें ओवर में रिवर्स रैंप से सीधे दूसरी स्लिप में कैच आउट हो गए। उनके आउट होने से इंग्लैंड का पतन हो गया, जो 207-2 से 319 रन पर ऑल आउट हो गया, जिससे भारत को 126 रन की बढ़त मिल गई। चैपल ने अपना स्वाभाविक खेल खेलते समय रूट के कौशल पर जोर दिया और सुझाव दिया कि दृष्टिकोण में आमूल-चूल बदलाव अपनाने का प्रयास अनावश्यक था।

चैपल ने नाइन वाइड से कहा, रूट का सामान्य रूप से खेलने का रिकॉर्ड बहुत अच्छा था और वह सामान्य रूप से खेलते हुए भी एक तेज स्कोरर थे। मुझे समझ नहीं आता कि वह चीजों को इतनी तेजी से बदलने की कोशिश क्यों कर रहे हैं और मैंने कभी नहीं माना कि आपको पूर्व नियोजित शॉट खेलने चाहिए।



रूट के हालिया आंकड़े कोई अच्छी तस्वीर पेश नहीं करते, खासकर ब्रेंडन मैकुलम के कार्यकाल से पहले उनके शानदार फॉर्म की तुलना में। ब्रेंडन मैकुलम के पदभार संभालने के बाद से रूट का औसत 50.12 है जो उनके करियर औसत 49.32 से थोड़ा अधिक है।चैपल ने परिस्थितियों और गेंदबाजों के अनुसार खेलने के महत्व को रेखांकित किया, यह स्वीकार करते हुए कि आक्रामकता को स्थितिजन्य जागरूकता से नियंत्रित किया जाना चाहिए। आप हमेशा ऐसा नहीं कर सकते यह परिस्थितियों के अनुसार होना चाहिए और यह भी कि कौन गेंदबाजी कर रहा है। कुछ गेंदबाज़ों पर आप दूसरों की तुलना में बहुत तेज़ी से रन बना सकते हैं, लेकिन जब वास्तव में एक अच्छा गेंदबाज़ अच्छा स्पैल फेंक रहा हो, तो आप कोशिश करने और इससे लडऩे के लिए तैयार रहें और अपने आप से सोचें ठीक है, जब वह चला जाएगा, तो यह थोड़ा आसान हो जाएगा।'आप हमेशा रन बनाने की कोशिश कर रहे हैं यही आपका मुख्य उद्देश्य है। लेकिन, आपको यह भी महसूस करना होगा कि कुछ परिस्थितियों में, कुछ गेंदबाजों के खिलाफ आप दूसरों की तुलना में तेजी से रन बना सकते हैं।यह पहली बार नहीं था जब रूट स्विच हिट खेलकर आउट हुए हों। उन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप में नीदरलैंड के खिलाफ इसी तरह का शॉट लगाने का प्रयास किया था। लेकिन इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने खेल को आगे बढ़ाने की कोशिश जारी रखने के लिए रूट का समर्थन किया है।

# रणजी क्वार्टर फाइनल नहीं खेलेंगे श्रेयस अय्यर

### मुशीर खान मुंबई के स्क्वॉयड में शामिल

**मुंबई,21 फरवरी 2024 ।** श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नहीं खेल सकेंगे। बीसीसीआई ने पिछले दिनों रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने वाले प्लेयर्स पर सख्ती अपनाई और उन्हें वॉर्निंग लेटर लिखा था। श्रेयस ने मुंबई के लिए रणजी के 7वें राउंड का मुकाबला नहीं खेला और अब वह इंजरी के कारण नॉकआउट मैच से बाहर हो गए हैं। अय्यर पीठ में चोट के कारण बाहर हुए हैं। वहीं टीम इंडिया के लिए टी-20 डेब्यू कर चुके शिवम दुबे भी इंजर्ड हैं। वह भी बड़ोदा के खिलाफ मुंबई से मुकाबला नहीं खेल सकेंगे। मुंबई ने नॉकआउट स्टेज के लिए 19 साल के ऑलराउंडर मुशीर खान को शामिल किया है।

### श्रेयस ने इस सीजन एक रणजी मैच खेला

रणजी ट्रॉफी में एलिट ग्रुप के नॉकआउट मुकाबले 23 फरवरी से शुरू होंगे। मुंबई ने ग्रूप-बी में टॉप पर रहकर क्वालिफाई किया। श्रेयस टीम के लिए जनवरी में एक ही मुकाबला खेल सके थे। इसके बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया से 2 टेस्ट खेलते नजर आए थे।



शुरुआती 2 मुकाबलों में खराब परफॉर्मेंस के बाद उन्हें आखिरी 3 टेस्ट की टीम से बाहर कर दिया। इसके बावजूद उन्होंने 16 फरवरी से रणजी में टीम के आखिरी राउंड का मुकाबला नहीं खेला। अब वह पीठ में चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से भी बाहर हो गए हैं।

### बैक इंजरी के कारण पिछले सीजन आईपीएल नहीं खेला

श्रेयस पीठ में इंजरी के कारण ही 2023 का आईपीएल सीजन भी नहीं खेल सके थे। उनकी जगह नीतीश राणा ने कोलकाता नाइट राइडर्स टीम की कमान संभाली थी। हालांकि टीम टॉप-4 में क्वालिफाई नहीं कर सकी थी।

आईपीएल के बाद भी श्रेयस अगस्त तक क्रिकेट फील्ड पर वापसी नहीं कर सके। उन्हें एशिया कप के स्क्वॉड में जगह मिली, लेकिन वह 2 ही मुकाबले खेल सके। फिर वनडे वर्ल्ड कप में उन्होंने नंबर-4 की पोजिशन संभाली और 2 सेंचुरी लगाकर 530 रन बना दिए।


# लालचंद राजपूत यूएई क्रिकेट टीम के हेड कोच बने



**नई दिल्ली,21 फरवरी 2024 ।** आगामी टी20 वर्ल्डकप 2024 से पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर लालचंद राजपूत को तीन साल के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। इस तरह राजपूत पाकिस्तान के मुदस्सर नजर की जगह लेंगे। वहीं बतौर मुख्य कोच उनकी पहली जिम्मेदारी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 त्रिकोणीय सीरीज होगी जिसमें स्कॉटलैंड और कनाडा की टीम मौजूद हैं जिसकी मेजबानी 28 फरवरी से संयुक्त अरब अमीरात कर रहा है। इसके बाद अगले महीने स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेली जायेगी। यूएई इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा जिसके बाद 62 वर्षीय राजपूत को मुख्य कोच बनाने की घोषणा की गयी।भारत के लिए दो टेस्ट और चार वनडे खेलने वाले राजपूत ने बुधवार को एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड की विज्ञप्ति में कहा, '' हाल के वर्षों में यूएई मजबूत एसोसिएट सदस्यों में से एक रहा और खिलाड़ियों ने वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम के खिलाड़ी काफी प्रतिभाशाली है और मैं उनके क्रिकेट कौशल को निखारने के लिए काम करने के लिए उत्साहित हूं। '' उन्होंने कहा, '' मेरा लक्ष्य टीम को लगातार अच्छा प्रदर्शन कराकर आगे ले जाना होगा। मुझे उन्हें अगले स्तर तक ले जाना होगा और मुझे पूरा विश्वास है कि वे इसमें पूरी तरह सक्षम है। ''

## कार्तिक आर्यन ने भूल भुलैया 3 से मिस्ट्री गर्ल का परिचय दिया,यह तृप्ति डिमरी है

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन ने बुधवार को हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी भूल भुलैया की आगामी किस्त से एक मिस्ट्री लेडी का परिचय दिया। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक अभिनेत्री की तस्वीर से एक पहेली का एक टुकड़ा साझा किया। नेटिजन्स ने तुरंत अनुमान लगाते हुए कहा कि यह तृप्ति डिमरी है।कार्तिक ने कैप्शन में लिखा हल करो इस भूल भुलैया को एक उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की तृप्ति डिमरी। एक अन्य ने लिखामंजुलिका बनाम बुलबुल स्ट्रीमिंग फिल्म ट्रिपटी में मंजुलिका और तृप्ति द्वारा निभाए गए बुलबुल के किरदारों को संदर्भित करता है। एक तीसरे उपयोगकर्ता ने लिखा भूल भुलैया 3 में भाभी 2, रणबीर कपूर-स्टारर एनिमलमें तृप्ति के जोया (भाभी 2) के चरित्र का संदर्भ देते हुए। एनिमल ने तृप्ति के करियर का ग्राफ पूरी तरह से बदल दिया है, भले ही उन्होंने बुलबुल, काला और लैला मजनू जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया है।इससे पहले, कार्तिक ने विद्या बालन का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने अमी जे तोमार गाने का मैश-अप साझा किया, जिसमें विद्या बालन भूल भुलैया के गाने पर और कार्तिक भूल भुलैया 2 के गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं।उन्होंने कैप्शन में लिखा और ऐसा होरहा है, ओग मंजुलिका भूलभुलैया की दुनिया में वापस आ रही हैं, का स्वागत करने के लिए बेहद रोमांचित हूं।



## दिव्या खोसला ने सोशल मीडिया पर भूषण कुमार का उपनाम हटाया

दिव्या खोसला, जिन्हें आखिरी बार यारियां 2 में देखा गया था, वर्तमान में अपने निजी जीवन को लेकर सुर्खियों में हैं,क्योंकि उन्होंने अपने पति, म्यूजिक लेबल टी-सीरीज़ के प्रबंध निदेशक, भूषण कुमार का उपनाम अपने सोशल मीडिया पर हटा दिया है। यह नेटिज़न्स के लिए एक झटका था, और अफवाहें कह रही हैं कि दोनों तलाक की ओर बढ़ रहे हैं। हालाँकि, जोड़े ने अभी तक अफवाहों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। कथित तौर पर दिव्या ने टी-सीरीज़ का इंस्टाग्राम अकाउंट भी अनफॉलो कर दिया है।इस बीच जब टी-सीरीज की टीम से भूषण और दिव्या को लेकर चल रही तलाक की अफवाहों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह गलत है। सूत्रों का कहना है कि उन्होंने ज्योतिषीय कारणों से अपने सोशल मीडिया से कुमार हटा दिया है और खोसला में एक अतिरिक्त एस भी जोड़ दिया है। रेडिट पर एक यूजर ने स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए पूछा, दिव्या खोसला अब दिव्या खोसला कुमार क्यों नहीं रहीं? क्या भूषण कुमार और दिव्या तलाक ले रहे हैं? एक यूजर ने कहा, हां, ऐसा लगता है कि वे अलग हो गए हैं। उन्होंने लंबे समय से अपने पति के साथ कोई पोस्ट या उपस्थिति नहीं की है। दिव्या खोसला ने 13 फरवरी 2005 को कटरा में मां वैष्णो देवी मंदिर में भूषण कुमार के साथ शादी की।



## अमीषा पटेल को रांची की अदालत में 27 फरवरी को पेश होने का आदेश

पैसे लेकर फिल्म न करने, धोखाधड़ी और चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में रांची की सिविल कोर्ट ने अभिनेत्री अमीषा पटेल और उनकी कंपनी के बिजनेस पार्टनर कुणाल ग्रूमर को 27 फरवरी को सशरीर उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया है। ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट डीएन शुक्ला की कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 313 के तहत दोनों आरोपियों का बयान दर्ज किया जाएगा। यह मामला वर्ष 2018 का है। रांची के फिल्म निर्माता अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया है कि म्यूजिक मेकिंग के नाम पर अमीषा पटेल ने उनसे ढाई करोड़ रुपये लिए थे। पैसे लेने के बाद भी उन्होंने म्यूजिक मेकिंग की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। इसके साथ ही अमीषा पटेल पर फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह से ढाई करोड़ रुपए ऐंठने का भी आरोप लगाया गया है। दोनों के बीच जो कांट्रैक्ट हुआ था, उसके अनुसार जब फिल्म जून 2018 में रिलीज नहीं हुई तो अजय ने अमीषा से पैसे की मांग की। काफी टालमटोल के बाद अक्टूबर 2018 में ढाई करोड़ एवं 50 लाख रुपए के दो चेक दिए, जो बाउंस हो गए। इस मामले में अमीषा पटेल को उपस्थिति के लिए कई बार समन जारी हुआ था, इसके बावजूद वह अदालत में खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं हो रही थीं। वारंट जारी होने के बाद बीते साल 19 जून को उन्होंने सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था।



# वन सेवा भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का मामला विधानसभा में गरमाया

## विभाग ने दिया गोलमोल जवाब,ध्यानाकर्षण में मुद्दा उठाएंगे:सुशांत

**रायपुर,21 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ वन सेवा परीक्षा में असफल अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा का दोबारा मौका देने का मामला युवा बीजेपी विधायक सुशांत शुक्ला प्रश्नकाल में उठाया। इस मुद्दे पर वनमंत्री केदार कश्यप ने विभाग की ओर से जो जवाब दिया वह संतोषजनक नहीं था, जिसके चलते इस मुद्दे को विधायक शुक्ला ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाने की बात कही है।

### पीएससी के जरिये हुई है भर्ती परीक्षा

दरअसल सन् 2020 में वन विभाग के विभिन्न पदों के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने लिखित परीक्षा ली थी। इसके बाद की प्रक्रिया वन विभाग ने शुरू की। पीएससी ने 3 जून 2023 को परीक्षा परिणाम जारी किया। चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज का परीक्षण करने के बाद शारीरिक दक्षता की परीक्षा 12 सितंबर को ली गई। इसमें 4 घंटे के भीतर 26 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करनी थी। इस प्रक्रिया में 20 अभ्यर्थी विफल रहे। इसके बाद प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों को चयन के लिए अवसर दिया जाना था लेकिन वन विभाग ने शारीरिक परीक्षा में विफल अभ्यर्थियों को फिर से मौका देने का निर्णय लिया। इस बात की जानकारी मिलने पर पूरक सूची में शामिल अभ्यर्थियों ने अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई, पर उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह मामला काफी परवान चढ़ा और आखिरकार प्रभावितों ने हाई कोर्ट की शरण ली है।

### विधायक सुशांत शुक्ला ने उठाया सवाल

इस मुद्दे पर भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने सवाल पूछा कि क्या वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) उत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ वन सेवा (संयुक्त) परीक्षा, 2020 में चयनित कितने अभ्यर्थियों की सूची विभाग को प्रदान की गई तथा कितने अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया? जानकारी उपलब्ध करावें। (ख) प्रश्नांशक के चयनित अभ्यर्थियों में से कितने अभ्यर्थी शारीरिक क्षमता परीक्षण में सम्मिलित हुए तथा उनमें कितने असफल रहे ? असफल अभ्यर्थियों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें। (ग) क्या विभागीय भर्ती नियम में शारीरिक क्षमता परीक्षण में असफल अभ्यर्थियों को दुबारा अवसर देने का प्रावधान है ? यदि हां तो नियम की प्रति उपलब्ध करावें। यदि नहीं तो क्या असफल अभ्यर्थियों को नियम विरुद्ध दूसरा अवसर दिया गया अथवा देने हेतु प्रक्रिया अपनाई जा रही है ? (घ) क्या प्रश्नांश 'ग' की प्रक्रिया हेतु सामान्य प्रशासन विभाग से अभिमत लिया गया ? यदि हो तो अभिमत क्या था? अभिमत की प्रति उपलब्ध करावें । (ङ) क्या सामान्य प्रशासन से प्राप्त अभिमत अनुसार असफल रहे अभ्यर्थियों हेतु दुबारा शारीरिक क्षमता परीक्षण आयोजित की जा रही है ? यदि हां तो किसकी अनुमति एवं अनुमोदन से? ? विस्तृत ब्यौरा प्रदान करें।

### वनमंत्री ने दिया ये जवाब

वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि पीएससी के माध्यम से छ.ग. वन सेवा (संयुक्त) परीक्षा, 2020 अंतर्गत सहायक वन संरक्षक एवं वनक्षेत्रपाल के विज्ञापित कुल 211 पदों के विरूद्ध अंतिम चयन परिणाम के मुख्य सूची में सहायक वन



संरक्षक के पद पर 34 एवं वनक्षेत्रपाल के पद पर 177, कुल 211 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है तथा सहायक वन संरक्षक के पद हेतु 15 अभ्यर्थी एवं वनक्षेत्रपाल के पद हेतु 77 अभ्यर्थी को अनुपूरक सूची में प्रेषित की गई।

### फिजिकल टेस्ट में 27 परीक्षार्थी रहे असफल

वनमंत्री ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों में से सहायक वन संरक्षक पद हेतु कुल 34 एवं वनक्षेत्रपाल पद हेतु कुल 158 अभ्यर्थी शारीरिक क्षमता परीक्षण (पैदल चाल) में सम्मिलित हुए, उनमें से सहायक वन संरक्षक पद हेतु 03 एवं वनक्षेत्रपाल पद हेतु 24, कुल 27 अभ्यर्थी असफल रहे। असफल अभ्यर्थियों के नाम सहित जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब'अनुसार है।

### परीक्षण में असफल अभ्यर्थी को दोबारा मौके का प्रावधान नहीं

छ.ग. (वन) राजपत्रित सेवा भर्ती नियम् 2015 के कंडिका क्रमांक 11(11) में शारीरिक मापदण्ड हेतु नियम प्रावधानित है, जिसमें शारीरिक क्षमता परीक्षण में असफल अभ्यर्थियों को दुबारा अवसर देने अथवा नहीं देने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है। पैदल चाल में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी छ.ग. लोक सेवा आयोग के माध्यम से आयोजित प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर चयनित हुए है। चूंकि पैदल चाल परीक्षण कोई प्रतियोगिता नहीं है, अपितु अर्हकारी परीक्षण है। अतः छ.ग. वन (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2015 के नियम 21 (शिथिलीकरण)- इन नियमों में दी गई किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जायेगा कि वह किसी ऐसे व्यक्ति के मामले में जिस पर ये नियम लागू होते है, ऐसी रीति से कार्यवाही करने की राज्यपाल की शक्ति को, जो उसे न्यायसंगत एवं उचित प्रतीत हो, सीमित या कम करती है। के अनुसार ही उपरोक्त कुल 27 असफल अभ्यर्थियों को पुनः एक अवसर प्रदान किये जाने हेतु विभाग द्वारा प्रक्रिया अपनाई जा रही है। छ.ग. (वन) राजपत्रित सेवा भर्ती नियम, 2015 की प्रति पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'स' अनुसार है।

### नियम नहीं, फिर भी विभाग ने दी अनुमति

वनमंत्री ने बताया कि इस मामले में सामान्य प्रशासन विभाग से अभिमत लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा अभिमत दिया गया कि प्रकरण वांछित अभिमत/ मार्गदर्शन के संबंध में लेख है कि प्रशासकीय विभाग के भर्ती नियमों में शारीरिक दक्षता (पैदल चाल) हेतु अवसर प्रदान किये जाने का प्रावधान नहीं होने के कारण सामान्य प्रशासन विभाग का कोई अभिमत नहीं है। अभिमत की प्रति पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- द' अनुसार है। सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त अभिमत अनुसार असफल रहे अभ्यधियों हेतु दुबारा शारीरिक क्षमता परीक्षण आयोजित नहीं की जा रही है। अपितु प्रशासकीय विभाग द्वारा प्रकरण के विचारोपरांत अपात्र अभ्यर्थियों को पुनः पैदल चाल हेतु अवसर दिये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। जो कि वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है।

### हाई कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया पर दिया है स्टे

दरअसल इस मामले में बस्तर के योगेश बघेल सहित 6 अन्य अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट मे याचिका दायर की है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने वन सेवा भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल की बेंच ने आगे की प्रक्रिया रोकते हुए शासन को जवाब दाखिल करने को कहा है।

वन विभाग की इस भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक परीक्षा में विफल अभ्यर्थियों के स्थान पर प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों को चयन के लिए अवसर दिया जाना था, लेकिन वन विभाग ने शारीरिक परीक्षा में विफल अभ्यर्थियों को फिर से मौका देने का निर्णय लिया। इस बात की जानकारी मिलने पर पूरक सूची में शामिल अभ्यर्थियों ने अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई, मगर उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। अभ्यर्थियों के अनुसार नियमों में यह स्पष्ट उल्लेख है कि शारीरिक परीक्षा में असफल होने पर अभ्यर्थियों को दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा लेकिन कुछ विशेष उम्मीदवारों को लाभ देने के लिए नियम के विरुद्ध अवसर दिया जा रहा है। सुनवाई नहीं होने पर बस्तर के योगेश बघेल सहित 6 अन्य अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट मे याचिका दायर की है।

## बिरनपुर हिंसा का मामला सदन में उठा

» पीड़ित विधायक ने पूछा मुझे कब न्याय मिलेगा..?

» गृहमंत्री ने की सीबीआई जांच की घोषणा

विधानसभा में बुधवार को बिरनपुर में हुई हत्या का मामला उठा। ध्यानाकर्षण के जरिए भाजपा विधायक ईश्वर साहू ने मामला उठाते हुए कहा कि घटना के वक्त सीबीआई जांच की बात कही गई थी.। क्या सीबीआई जांच कराई जाएगी? इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सदन में घोषणा की कि बिरनपुर मामले की सीबीआई से जांच कराई जाएगी। ईश्वर साहू ने सदन में कहा कि 8 अप्रैल को हुई घटना में भुवनेश्वर साहू की हत्या में 34 आरोपी के नाम सामने आये थे, इनमें 12 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, बाकी आरोपी गिरफ्तार क्यों नहीं हुए? इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि एक समाज के चार स्कूली बच्चों के बीच विवाद की स्थिति के बाद समाज ने सुलह के लिए बैठक रखी थी। इस बैठक के बाद भुवनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई थी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भागीरथी साहू की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया था. 8 अप्रैल को 11 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। एक अन्य की गिरफ्तारी बाद में की गई. अभियोग पत्र 5 जुलाई को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया है। मामले की विवेचना जारी है। इस पर भाजपा विधायक ने कहा कि अंजोर यदु ने घटना की शुरुआत की थी, लेकिन आज तक उस पर कार्रवाई नहीं की गई।

विजय शर्मा ने कहा कि मैने स्पष्ट किया है गांव में जो घटना हुई भुनेश्वर साहू की हत्या हुई. न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते उनके पिता आज सदन में अपनी बात कह रहे हैं, यह अद्भुत संयोग है. मैं आपसे कहना चाह रहा हूं, कि इस प्रकरण में सेक्शन 173 सीआरपीसी के तहत विवेचना जारी. जिस संदर्भ में बातचीत हुई उचित प्रमाण मिले वह जेल में है, परंतु जिनके संदर्भ में ऐसा नहीं हुआ, उनकी विवेचना जारी है। 40 लोगों के नाम दिए गए थे, उसमें 12 लोग के नाम एफ आईआर थे उन सभी के संबंध में विवेचना जारी है आगे भी करवाई जारी रहेगी।



ईश्वर साहू ने कहा कि विशेष समुदाय के लोगों के पास सैकड़ो हथियार हथियार थे उसे समय अधिकारियों ने कहा था कि उसे जप्त करेंगे लेकिन अभी तक जब तक क्यों नहीं हुए? इस पर विजय शर्मा ने कहा कि इसमें संबंध में जो भी हथियार उपयोग किया गया था, उन सब को जमा किया गया है कुछ हथियारों को एफएसएल रिपोर्ट के लिए भेजा गया है. गांव में पुलिस चौकी है, और यह निर्धारित किया जा रहा है कि गांव में कोई बड़ा हथियार नहीं है। ईश्वर साहू ने कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि अवैध हथियार कब तक जप्त किया जाएगा? इस पर विजय शर्मा ने कहा कि एक बार गांव में सभी घरों में बातचीत चर्चा गांव के माध्यम से करके और जहां आवश्यकता हुई वहां तलाशी के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे कि कोई बड़ा हथियार किसी की घर में ना, हो या सुनिश्चित करेंगे।

ईश्वर साहू ने इस पर कहा कि मैं स्वयं मृतक का पिता हूं मैं सदन से जानना चाहता हूं मुझे न्याय मिल पाएगा या नहीं ? और मिलेगा तो कब तक मिलेगा? विजय शर्मा ने जवाब में कहा कि उनके प्रश्न और विषयों को लेकर के मैं अभिभूत हूं. हर हाल में हम सब मिलकर उनको न्याय मिले, उनको और उनके मन में जो बातें हैं, वह सारी बातें ठीक हो। उन सारे विषय को ठीक हो वह सारी जानकारी हो जाए। मैं भी चाहता हूं, इसके लिए जैसी आवश्यकता होगी वह पूरा करेंगे. ईश्वर साहू ने इस पर कहा कि घटना के समय अधिकारियों द्वारा सीबीआई जांच करवाने का आश्वासन मिला था करवाएंगे कि नहीं? विजय शर्मा ने कहा कि जांच जारी है यूएपीए बनाकर जांच की जा रही है, फिर भी एक पराक्रमी पिता के हृदय का दर्द है, इसलिए मैं आज सदन में घोषणा करता हूं कि इस विषय में सीबीआई जांच करवाई जाएगी. ईश्वर साहू ने कहा कि मैं जनप्रतिनिधि होने के नाते मुझे अभी तक न्याय नहीं मिल पाया, तो मैं क्या अपने विधानसभा क्षेत्र के जनता को क्या न्याय दिला पाऊंगा।

## अब युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार

### श्रम मंत्री ने 'उद्यम क्रांति' योजना शुरू करने का किया ऐलान

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के 12वें दिन बुधवार को सदन में श्रम विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा शुरू हुई। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने विभाग की अनुदान मांगों पर जानकारी दी। उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस दौरान 'उद्यम क्रांति' योजना शुरू करने का ऐलान किया।

### 5 करोड़ का किया गया है प्रावधान

श्रम मंत्री ने बताया कि, उद्यम क्रांति योजना शुरू होने से युवाओं को स्वरोजगार मिलेगा। उनहोंने बताया कि, प्रदेश के कोरबा, बिलासपुर में हाईकोर्ट के निकट औद्योगिक क्षेत्रों का विकास होगा। प्रदेश में 'इन्वेस्ट छत्तीसगढ़' सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इस सम्मेलन के लिए विभाग के बजट में 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा श्री देवांगन ने बताया कि, राजधानी रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल युनिवर्सिटी में स्टार्टअप और रिसर्च फेसलिटी के किए दो करोड़ देने का



प्रावधान रखा गया है।आईटी हब के लिए 'प्लग एंड प्ले' मॉडल विकसित होगाश्रम मंत्री ने बताया कि, नया रायपुर में आईटी हब के लिए 'प्लग एंड प्ले' मॉडल विकसित होगा। इसके लिए 35 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। बस्तर और सरगुजा में लघु वनोपज आधारित फूड प्रोसेसिंग केंद्र स्थापित करने के लिए विभाग के बजट में 113 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। इसी तरह कोरबा में 5 करोड़ की लागत से एल्यूमिनियम पार्क बनाया जायेगा।

### हैंडलूम प्रोडक्ट की बिक्री के लिए यूनिक मॉल बनेगा

श्रम मंत्री ने बताया कि, प्रदेश में हैंडलूम प्रोडक्ट की बिक्री के लिए यूनिक मॉल की स्थापना होगी। इस माल के निर्माण के लिए 80 करोड़ का प्रावधान विभाग के बजट में रखा गया है। साथ ही मंत्री ने बताया कि, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का विस्तार होगा। प्रदेश के 9 जिलों में 24 केंद्र इसके लिए शुरू किए जाने की घोषणा उनहोंने की।

### 'मोर चिन्हारी' भवन बनाने की घोषणा

छत्तीसगढ़ में प्रवासी मजदूरों की बड़ी समस्या सामने आती रही है। ऐसे प्रवासी श्रमिकों के लिए उनहोंने 'मोर चिन्हारी' भवन बनाने की घोषणा भी की। इसके अलावा पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा देने के लिए योजना लाने की जानकारी भी दी। पंजीकृत श्रमिकों द्वारा लिए गए बैंक लोन के ब्याज माफ करने के लिए अनुदान देने का भी उन्होंने ऐलान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### फार्च्यून मैटेलिक फैक्ट्री में ब्लास्ट में एक कर्मचारी की मौत

**रायपुर,21 फरवरी 2024(ए)।** राजधानी से बड़ी खबर सामने आ रही है,सिलतरा कपसदा स्थित फार्च्यून मैटेलिक फैक्ट्री में ब्लास्ट होने से एक कर्मचारी की मौत हो गई, वहीं दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए है। मृतक कर्मचारी का नाम मिंटू कुमार है,सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है।धरसीवा थाना क्षेत्र का मामला. जानकारी के अनुसार, फार्च्यून मैटेलिक फैक्ट्री में ब्लास्ट होने से एक कर्मचारी मिंटू कुमार की मौत हो गई।

### सुरक्षा बल के जवानों ने किया नक्सलियों का कैंप ध्वस्त

**दंतेवाड़ा,21 फरवरी 2024(ए)।** दंतेवाड़ा-बीजापुर के सरहदी क्षेत्र पीडिया हितवार के जंगल में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है । कई नक्सलियों के घायल होने की खबर है । साथ ही भारी मात्रा में नक्सल सामग्री को जब्त करने का दावा पुलिस कर रही है । दुर्गम इलाका होने के चलते अधिकारियों के पास भी अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया पश्चिम बस्तर डिविजन के माओवादियों से मुठभेड़ हुई है । माओवादियों के कैंप को ध्वस्त किया गया है भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और माओवादियों के घायल होने की सूचना है । बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के फोर्स की संयुक्त कार्रवाई है. फोर्स के नेटवर्क में आने के बाद मुठभेड़ की सही स्थिति की जानकारी मिलेगी।

## आयुष्मान योजना के क्लेम भुगतान के लिए नोडल एजेंसी की हॉस्पिटल को-ऑर्डिनेटर ने जमकर की वसूली

» 61 अस्पतालों को 129 करोड़ का संदिग्ध भुगतान

» आयुष्मान योजना के क्लेम भुगतान के लिए नोडल एजेंसी की हॉस्पिटल को-ऑर्डिनेटर ने जमकर की वसूली, 61 अस्पतालों को 129 करोड़ का संदिग्ध भुगतान

» मनमानी कर पति के अस्पताल सहित 61 अस्पतालों को किया 129 करोड़ का भुगतान

**रायपुर,21 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के नाम पर स्टेट नोडल एजेंसी की बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। योजना के तहत 61 अस्पतालों को 129 करोड़ रुपए के भुगतान पर जांच एजेंसी ने सवाल खड़े किए हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने से पहले स्टेट नोडल एजेंसी हॉस्पिटल को-ऑर्डिनेटर प्रियंका लालवानी को क्लेम भुगतान वाली जिम्मेदारी से हटा दिया गया है। हालांकि अब तक उन पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई है। हॉस्पिटल को-ऑर्डिनेटर प्रियंका पर आरोप है कि उन्होंने 61 अस्पतालों को 129 करोड़ का क्लेम कर दिया। इस पूरे कारनामे में अपने पति डॉ. विनोद लालवानी के अस्पताल को भी फायदा पहुंचाया है। इतना ही नहीं उनके




अस्पताल के डॉक्टर को क्लेम चेक करने के लिए बुलाया है। इतना ही नहीं विशेषज्ञ डॉक्टरों से क्लेम वेरीफाई कराने की बजाए मेडिकल कॉलेज से पास जूनियर डॉक्टरों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से 39 फ्रेशर डॉक्टरों को बुलाकर वेरीफाई कराया। अपने पति और सिंडिकेट में शामिल अस्पतालों के सौ फीसदी क्लेम कुछ ही दिनों में अप्रूव कर दिए गए है। जबकि कई अस्पतालों के क्लेम को रिजेक्ट कर दिया गया। क्लेम पेंडिंग रखकर इस पूरी गड़बड़ी को अंजाम दिया गया। एक साथ दो-तीन महीने की पेंडिंग की वजह से क्लेम की संख्या बढ़ जाती थी। इसी दौरान वेरीफिकेशन के नाम पर कारनामे को अंजाम दिया गया। मनचाहे अस्पतालों को पूरा क्लेम दिया गया। इसके बदले उनसे मोटी रकम वसूली गई। जिन्होंने रकम नहीं दिया, उनका क्लेम रिजेक्ट कर दिया गया। प्रियंका लालवानी, उनके पति डॉ. विनोद लालवानी और उनके साथी डॉक्टरों ने बाकी अस्पतालों का क्लेम अप्रूव करने के नाम पर वसूली का खेल किया है। सेटिंग किए गए अस्पतालों को पूरा क्लेम दे दिया गया। आयुष्मान भारत की स्टेट नोडल एजेंसी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 और अप्रैल 2023 से जुलाई 2023 के दौरान 14 माह में 61 अस्पतालों के 42,372 क्लेम की ऐवज में 129 करोड़ का वो भुगतान कर दिया जिसे संदिग्ध माना गया था। इसमें ऐसे अस्पताल भी शामिल थे जहां मल्टी या सुपर स्पेशिलिटी सुविधाएं तक नहीं थी। गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद तीन सदस्यीय समिति जांच के लिए बनाई गई थी। इस जांच में एक तकनीकी विशेषज्ञ को भी रखा जाना था। जांच शुरू हुई तो शुरुआत में ही बड़ी गड़बड़ी सामने आई। इस पर तकनीकी विशेषज्ञ जांच टीम से हट गए। इसके बाद दो सदस्यीय समिति ने ही जांच की। इस संबंध में जब जिम्मेदारों से बात करने की कोशिश की गई तो किसी ने फोन नहीं उठाया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और स्वास्थ्य संचालक ऋतुराज रघुवंशी को मैसेज भी किया गया, लेकिन किसी ने मैसेज का भी जवाब नहीं दिया।

### जांच समिति की भूमिका भी संदेह के घेरे में

मामला सामने आया तो पूरे जांच के लिए अगस्त में तीन सदस्यों की समिति बनाई गई। इसमें एसएनए के तत्कालीन नोडल, नर्सिंग होम एक्ट की नोडल एजेंसी के सहायक संचालक और एक आईटी विशेषज्ञ को रखा गया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन की पीएम मोदी,गृहमंत्री शाह सहित अनेक हस्तियों ने दी बधाई



**रायपुर,21 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज जन्मदिवस है। वे 60 साल के हो गए हैं। सीएम विष्णुदेव साय बगिया के आदिवासी जनजाति बालक आश्रम में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाएंगे। उनके जन्म दिवस के अवसर पर लोग बधाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई दिग्गज नेताओं ने जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें बधाई दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोसल मीडिया ट्वीट कर बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के ओजस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वे छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। गरीबों और वंचित समुदायों के प्रति उनकी चिंता भी उल्लेखनीय है। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।गृह मंत्री अमित शाह ने शोसल मीडिया ट्वीट कर बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार छत्तीसगढ़ में गरीब कल्याण व सुशासन के नए कीर्तिमान बनाएगी। प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना करता हूं। छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व साय केबिनेट के मंत्रियों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को जन्मदिन पर मंत्रिमंडल के सहयोगियों सहित आम नागरिकों ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को उनके जन्मदिन पर आज सुबह से ही राज्य अतिथि गृह पहुना में लोगों की भीड़ रही। उनके मंत्रिमण्डल के सहयोगियों, जनप्रतिनिधियों, ईष्ट मित्रों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में पहुना में पहुंचे आम नागरिकों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के स्वस्थ, सुदीर्घ और मंगलमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए आज राजधानी रायपुर के अलावा प्रदेश के दूरदराज अंचल से भी लोग बड़ी संख्या में सुबह से ही पहुंचे हुए थे।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी ने आरती कर जन्मदिन की दीं शुभकामनाएं

जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने आरती कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## कुख्यात नक्सली काका लालैया और काका रामा गिरफ्तार



**बीजापुर,21 फरवरी 2024(ए)।** जिले के थाना उसूर व डीआरजी की संयुक्त पार्टी ने लंबे से फरार चल रहे नक्सली आरपीसी सदस्य काका लालैया पिता काका हड़मा, निवासी मारुड़बाका और नक्सली आरपीसी सदस्य काका रामा पिता पेंडी, निवासी मारुड़बाका थाना उसूर को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार दोनों नक्सलियों के विरुद्ध उसूर थाना में वैधानिक कार्रवाई के उपरांत आज बुधवार को रिमांड पर न्यायलय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार दोनों नक्सलियों ने 09 सितंबर 2022 को उसूर थाना क्षेत्र के गलगम व भुसापुर के मध्य पुलिस पार्टी को जान सें मारने की नीयत से प्रेशर आईईडी बम लगाये थे।

## 23 फरवरी को होगी महतारी योजना की अनंतिम सूची जारी

**रायपुर,21 फरवरी 2024(ए)।** महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन की प्रिक्रिया कल यानि 20 फरवरी को समाप्त हो गई है। अब छत्तीसगढ़ की महिलाओं को इन्तजार है कि उनके खातें में राशि कब आएगी। इसी बीच महतारी वंदन योजना को लेकर अपडेट आई है। दरअसल खबर मिल रही है कि महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग ने संशोधित समय सीमा जारी कर दिया है। जमा किए गए आवेदनों की पड़ताल के बाद आठ मार्च को पात्र




आवेदकों के बैंक खातों में राशि का अंतरण किया जाएगा।वहीं संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जारी समय सारणी के अनुसार, 23 फरवरी को अनंतिम सूची जारी की जाएगी। 25 फरवरी तक अनंतिम सूची पर दावा-आपत्ति की जा सकती है। 29 फरवरी तक दावा-आपत्ति का निराकरण किया जाएगा। 1 मार्च को सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। दो मार्च को स्वीकृति प्रदान करने के साथ आठ मार्च को राशि का अंतरण किया जाएगा।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)